अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# वकीलों ने संशोधन विधेयक के खिलाफ किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया। इस विधेयक को वकीलों की गरिमा, स्वायत्तता और हितों के खिलाफ बताते हुए उन्होंने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और तहसील परिसर में जुलूस निकाला।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर और महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता विरोधी कानून वापस लो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के बाद पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अवनीश कुमार को सौंपा है, जिसमें विधेयक को वकीलों पर अनावश्यक अंकुश और लाइसेंस प्रक्रिया में जटिलता पैदा करने वाला करार दिया। इस मौके पर महासचिव ललित प्रताप सिंह, अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस 'काले कानून' को वापस नहीं लेती, तो छिबरामऊ से दिल्ली तक आंदोलन और तेज होगा।



तहसीलदार को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

प्रदर्शन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, राजेश शाक्य, दुर्गा नारायण सिंह, राजीव हजेला, रामरक्षपाल यादव, कन्हई सिंह वर्मा, रामचन्द्र यादव, दिनेश चन्द्र यादव, रजनीश यादव, संजीव कुमार दुबे, बृजेन्द्र सिंह राजपूत, रामप्रकाश यादव, रूपेश दुबे, स्नेहलता गुप्ता, राधिका, अंजू पटेल, वेदमती, अमित राजपूत, नरेन्द्र शाक्य, अवनीश वर्मा, जयवीर सिंह, अभिरूप सिंह दीक्षित, संदीप चौहान, वेदराम सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता और कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।

## ईओ व लेखपाल पर साठगांठ का आरोप लगाया

**कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अधिशासी अधिकारी पर अवैध कब्जेधारकों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया है।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के तालाबों, सरकारी गलियों की भूमि एवं अन्य सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जों, अतिक्रमणों एवं निर्माणों को खाली व ध्वस्त कराकर कब्जामुक्त कराने की मांग की। बताया कि नगर गुरसहायगंज में सरकारी अभिलेखों में दर्ज 08 तालाब हैं परंतु वर्तमान स्थिति में नगर के ज्यादातर तालाबों पर भू माफिया एवं धनाढ्य किस्म के व्यक्तियों का अवैध कब्जा व निर्माण है। कब्जों एवं निर्माणों की पूर्व में कई बार जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी छिबरामऊ व अधिशासी अधिकारी से शिकायत की थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।



प्राथमिक स्कूल बहादुरपुर उज्जैना में महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया की अगुवाई में काली पट्टी बांधकर विरोध जतातीं अध्यापक।

# महिला शिक्षक संघ ने भी टीईटी पास करने की अनिवार्यता का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाथ में काली पट्टी बांधकर किया स्कूलों में शिक्षण कार्य
- 26 फरवरी को धरना-प्रदर्शन व डीएम को दिया जाएगा ज्ञापन

**अमृत विचार।** महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष व प्रधानाध्यापक गुंजन भदौरिया के नेतृत्व में प्राथमिक स्कूल बहादुरपुर उज्जैना में काली पट्टी बांधकर विद्यालय की सभी महिला शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता का विरोध जताया। 26 फरवरी को सभी शिक्षक एकजुट होकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को देंगे। साथ ही धरना-प्रदर्शन करेंगे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि 2011 से पहले के प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों में तैनात अध्यापकों के लिए जब से टीईटी पास करने का निर्णय आया है वह मानसिक रूप से परेशान हैं। न्यायालय को पुनर्विचार करना चाहिए। सरकार को भी चाहिए कि वह अध्यापकों व उनके परिजनों के हित में निर्णय ले। उन्होंने बताया कि शिक्षक नए निर्णय से खासे दिक्कत में हैं इसलिए काली पट्टी बांधकर विरोध किया।

इससे पहले एक्स सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जस्टिस फॉर टीचर्स अभियान चलाया। मंगलवार को विरोध करने में शालिनी सिंह, मंजरी कटियार, एमन कटियार, साधना यादव, दीप्ति सिंह, शैली मिश्रा, सरिता गौतम, गौरव श्रीवास्तव, संतोष कुमारी, प्रियंका, अनुभा सिंह, पुष्पा, अंकता, प्रभाव देवी, पंकज, अमित, अरविंद व विक्रम आदि ने काली पट्टी बांधी।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 शिक्षकों को तीन दिन में काम पूरा करने का फरमान

**कन्नौज।** सदर विधानसभा क्षेत्र की सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने जारी किए आदेश में कहा है कि बूथ नंबर 191 से लेकर 251 के सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बीएसए संदीप कुमार हैं। इन कुल 18 बूथों के लिए परिषदीय स्कूलों के 14 शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह अध्यापक बीएलओ के सहयोगी के रूप में एसआईआर के तहत नो मैपिंग तार्किक विसंगति समेत निर्वाचन के अन्य कार्य कुल तीन दिन में पूरा करेंगे। लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

### 28 को साझी यादें कार्यक्रम

**कन्नौज।** संस्कार भारती की ओर से पूर्व प्रधानाचार्य एनसी टंडन को समर्पित कार्यक्रम साझी यादें 28 फरवरी को शाम साढ़े 6 बजे से शुरू होगा। अध्यक्ष प्रवीण टंडन ने बताया कि सूफी एवं निर्गुन गायन शहर के रोमा स्मारक मंच पर आयोजित होगा। इसमें तबला वादक गजेंद्र सिंह, वायलिन नवीन व ढोलक वादक आर्यन की मौजूदगी में भोपाल से मनीष शुक्ल व कन्नौज की नेहा पटेल शामिल होंगी।

### विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम कल

**कन्नौज।** जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद- 2026 का आयोजन शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में 26 फरवरी को होगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) व शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम होगा। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने संबंधित पोस्टर का विमोचन किया है। प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर महाविद्यालय एवं मंत्रालय के मध्य पूर्व में एमओयू हुआ था, जिसके तहत यह जिला स्तरीय युवा संसद आयोजित हो रहा है। इसके लिए समिति गठित की गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. रमेश सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

### बाइक से गिरा युवक हालत गंभीर

**सौरिख।** मध्य प्रदेश के जिला नगवदा पुरम थाना थाना बेबी निवासी करन कहार पुत्र नमंदा प्रसाद अपने भाई उमेश कहार के साथ मंगलवार को बाइक से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते अपने घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सलेमपुर गांव के सामने पहुंची ही थी कि तभी बाइक पर पीछे बैठे करन कहार को झपकी आ गई, जिससे वह तेज रफ्तार बाइक से नीचे गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में बरती जा रही लापरवाही

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सीएमओ ने विभागीय बाबू व कर्मचारी लगाये

**अमृत विचार।** आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये सीएमओ ने विभागीय बाबू, फार्मासिस्ट व अन्य कर्मचारीलगाए इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है।

जिला में आयुष्मान कार्ड बनाने में बरती जा रही लापरवाही पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई है। नियमित की जा रही समीक्षा में सामने आ रहा है कि जितने कर्मचारियों को आयुष्मान कार्ड बनाने की आईडी दी गई है उतने भी लोगों के कार्ड नहीं बनाये जा रहे हैं। डीएम के निर्देश को सीएमओं डा. स्वदेश गुप्ता ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने आशा के अलावा आंगनबाड़ी को भी जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा अब उन्होंने विभागीय बाबू, फार्मासिस्ट के अलावा अन्य कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौप दी है। यही नहीं सीएमओ ने अपने कार्यालय के एक बाबू को भी इस कार्य की निगरानी करने को लगाया है। वह नियमित दोपहर के बाद फोन पर इन कर्मचारियों से बात कर प्रगति की जानकारी लेगा। मंगलवार को बाबू ने आज की प्रगति की समीक्षा की तो पाया कि कई आशा ने कहा कि उनके पास काम बहुंत है। फार्मासिस्ट ने कहा कि अभी ड्यूटी कर रहा हूं। आंगनबाड़ी ने कहा कि पात्रों की खोज कर रहीं हूं। इस तरह की बात कही जा रही है।

# पालिका परिषद छिबरामऊ के अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों को बांटी वर्दी

संवाददाता,छिबरामऊ

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के चेयरमैन मनोज दुबे ने सभी स्थाई एवं संविदा सफाई कर्मचारियों को नई वर्दी का वितरण किया। कहा कि इसी बर्दी को पहन कर वह कार्य करें।

अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता और सौंदर्य के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। उनकी लगन और समर्पण के बिना नगर स्वच्छ नहीं रह सकता। इसलिए उनकी सुविधा एवं सम्मान के लिए यह वर्दी वितरण किया गया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे और अधिक उत्साह से कार्य करें तथा शहर को और स्वच्छ बनाएं। इस दौरान अमरदीप (सफाई प्रभारी), प्रवेश कुमार, सुभाष चंद्र (सफाई नायक), सूरज कुमार, सुजीत कुमार, आनंद कुमार, राजेंद्र कुमार, सलाउद्दीन, अमरजीत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित किया।



सफाई कर्मियों को वर्दी वितरण करते चेयरमैन। अमृत विचार

# बोर्ड परीक्षा केंद्र पर शिक्षक के साथ की अभद्रता

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

- केंद्र व्यवस्थापक पर लगाये आरोप, दूसरे कालेज में ड्यूटी मांगी

**अमृत विचार।** भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में प्रथम पाली में बोर्ड परीक्षा ड्यूटी पर तैनात अध्यापक से केंद्र व्यवस्थापक ने अभद्रता कर दी। मामले में शिक्षक ने दूसरी जगह ड्यूटी लगवाने की मांग की है।

विकासखंड के प्राइमरी विद्यालय जयसिंहपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक हरिओम सिंह का आरोप है कि 23 फरवरी को उनकी ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में सिकंदरपुर स्थित भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में लगाई गई थी। ड्यूटी के प्रथम पाली के दौरान केंद्र व्यवस्थापक ने कथित तौर पर परीक्षा कक्षा में सभी परीक्षार्थियों के सामने हरिओम सिंह से अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। इसके अलावा केंद्र व्यवस्थापक ने मोबाइल फोन के माध्यम से धमकी भी दी जा रही थी। इस घटना से आहत होकर हरिओम सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी, छिबरामऊ को प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें उन्होंने उक्त केंद्र से कार्यमुक्त करने तथा किसी अन्य परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी लगाने का अनुरोध किया था। उन्होंने डर जताया कि उनके साथ कोई अनहोनी हो सकती है और इसके जिम्मेदार उक्त केंद्र के व्यवस्थापक होंगे। खंड शिक्षा अधिकारी ने हरिओम सिंह को भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर से कार्यमुक्त कर दिया।

## कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का दिया गया प्रशिक्षण

**गुरसहायगंज।** 09 से 23 मार्च तक चलने वाले कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की एलसीडीसी के सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। एआरओ ने सुपरवाइजरों को अभियान को लेकर टिप्स दिए।

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालग्राम में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की एलसीडीसी के सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें एआरओ तालग्राम सर्वेश कुमार ने अभियान की जानकारी देकर सुपरवाइजरों को टिप्स दिए। कहा कि अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए सभी कर्मी जमीनी स्तर पर कार्य करें।

# मरीजों को किसी तरह की दिक्कत न होने दें डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सीएमएस ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के लिये सीएमएस ने निरीक्षण किया। डाक्टर व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये।

जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को वेहतर रखने के लिये सीएमएस डा. शक्ति बसु ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डाक्टर व कर्मचारियों से कहा कि वह ओपीडी में आने वाले मरीजों व तीमारदारों से शालीनता से बात करें।

उनको सही रास्ता सुझाएं। ओपीडी में समय से बैठ कर मरीजों को देखे व जांच करें। यदि जांच लिखी जाये तो उनको बताया जाये कि किस नंबर के कमरे में यह जांच होनी है। उन्होंने जिला अस्पताल में मिली खामियों को संबंधित कर्मचारी को बुलाकर तत्काल ठीक करने को कहा। गर्मी का मौसम आने पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में लगे सभी पंखों को चला कर देखा जाये। जो पंखे खराब हों या अन्य तरह की सर्विस की जानी हो तो समय से कर लें। जिससे गर्मी होने पर मरीजों को किसी तरह से इधर उधर परेशान न होना पड़े। अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# एसपी ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** एसपी ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जहां खामी मिली उसे दुरस्त करने को कहा।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस कार्यालय स्थित समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं जैसे अपराध शाखा, जनसूचना शाखा, अभिलेखागार, शिकायत प्रकोष्ठ एवं अन्य कार्यालयों के अभिलेखों, रजिस्टरों एवं कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कहा। उन्होंने कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के डिजिटलीकरण, समयबद्ध कार्य निपटाने के लिये सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए।



एसपी कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी विनोद कुमार अमृत विचार

मिली बधाई

बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी झांसी में हुईं प्रतियोगितायें

# खेल में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ने लहराया परचम

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी झांसी में 20 से 22 फरवरी तक राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स गेम 'प्रभंजन' प्रतियोगिता में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के खिलाड़ियों ने परचम लहराया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 स्वर्ण, 40 रजत और 8 कांस्य पदक अपने नाम किए। ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं के साथ टीम इवेंट्स में भी कॉलेज ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

एथलेटिक्स में स्पर्धाओं में पल्लवी सोनी ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 1600 मीटर गर्ल्स में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि 200 मीटर गर्ल्स में तृप्ति ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में नितिन कुमार ने 1600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर बॉयज में सचिन यादव ने कांस्य तथा 200 मीटर बॉयज में अर्जित यादव ने रजत और सचिन यादव ने कांस्य पदक हासिल किया। 400 मीटर बॉयज में कॉलेज को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। रिले रेस (गर्ल्स एवं बॉयज) में टीम ने रजत पदक जीता। फील्ड इवेंट्स में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन आकांक्षा यादव ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक, जबकि सृष्टि गुप्ता ने कांस्य पदक जीता। जेवलिन थ्रो (गर्ल्स व बॉयज) में टीम को कांस्य, लॉन्ग जंप में रजत, तथा गर्ल्स डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक प्राप्त हुआ।



प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी। अमृत विचार

कबड्डी बॉयज टीम, क्रिकेट बॉयज टीम और बैडमिंटन गर्ल्स टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर-अप स्थान हासिल किया। कॉलेज की इस उपलब्धि में स्पोर्ट्स हेड मुकुल सक्सेना का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। छात्र स्पोर्ट्स सेक्रेट्री मयंक सैनी और ईशा मोघा ने टीम समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई। कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार शुक्ला ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, "हमारे छात्रों ने अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। कॉलेज प्रशासन ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष आज पहली बार आएंगी कन्नौज

करेंगी निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव पहुंचेंगी रिक्खापुर्वा गांव
- जिला महिला अस्पताल, बालिका विद्यालय व वन स्टॉप सेंटर का करेंगी निरीक्षण

**अमृत विचार।** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव पहली बार कन्नौज जिले में होंगी। वह राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष की हैसियत से महिला अस्पताल, बालिका आवासीय विद्यालय व वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करेंगी।

इससे पहले रिक्खापुर्वा स्थित अखिलेश्वर धाम में महात्मा देव शरण नंद जी महाराज की मूर्ति के लोकार्पण में भी शामिल होंगी। जारी हुए कार्यक्रम में कहा गया है कि 25 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे उप्र राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष शहर के सर्किट हाउस पहुंचेंगी। आधा घंटे बाद वह ठठिया इलाके के गांव रिक्खापुर्वा जाएंगी। दोपहर साढ़े 12 बजे वहां से निकलकर आधा घंटे बाद सखी वन स्टाप सेंटर पहुंचकर निरीक्षण करेंगी। 15 मिनट बाद वह जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण और उसके बाद दोपहर 2:20 बजे कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, नसरापुर का निरीक्षण करेंगी। एक दिन पहले ही कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गईं थीं। दूसरी ओर कहा जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री के छोटे बेटे प्रतीक यादव की पत्नी व राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष पहली बार जनपद आ रहीं हैं। वर्तमान में यहां के सपा सांसद अखिलेश यादव प्रतीक के बड़े भाई हैं।

### दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनेंगे आयुक्त

**कन्नौज।** राज्य आयुक्त (दिव्यांगजन) प्रो. हिमांशु शेखर झा भी 25 फरवरी को सुबह 10 बजे विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में मोबाइल कोर्ट कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें दिव्यांगजनों की समस्याओं/ शिकायतों का त्वरित स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाएगा। जनपद के सभी दिव्यांगजनों को इसमें आमंत्रित किया गया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### फांसी से युवक की मौत

इटावा। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत कोकपुरा में एक युवक ने किसी बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को खत्म कर लिया। जानकारी के अनुसार विपिन कुमार 35 वर्ष पुत्र जगदीश निवासी कोकपुरा फ्रेंडस कालोनी ने परिजनों की किसी बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगा ली। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने चेकअप के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराये अपने साथ ले गए।

### शौच को निकले वृद्ध ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

भरथना। थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन के पूर्वी छोर परमंगलवार की सुबह एक 60 वर्षीय वृद्ध ने ट्रेन के सामने आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिजन चीखपुकार करते हुए मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक सूबेदार सिंह पुत्र पारस सिंह निवासी नगला चित्त के बड़े बेटे सोनू ने बताया कि मेरे पिता रोज की भांती सुबह करीब साढ़े चार बजे शौच क्रिया की बात कहकर घर से निकले थे. किन्तु जब वह काफी समय हो जाने के बाद घर नहीं लौटे तब उनके फोन पर फोन किया. जिसके बाद घटना स्थल पर मौजूद व्यक्तियों द्वारा फोन उठाकर मुझे घटना की जानकारी दी। वहीं सूचना पर पहुंचे थाना उपनिरीक्षक कोमल ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

### शादी में कहासुनी के बाद मामा-फूफा पक्ष भिड़े

जसवंतनगर। क्षेत्र के ग्राम कटखेड़ा में शादी समारोह के दौरान खाना खाते समय हुई कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना में मामा और फूफा पक्ष आमने-सामने आ गए। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगला करन, कोतवाली जिला फिरोजाबाद निवासी रासी उर्फ अंकिता पत्नी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह 19 फरवरी को अपने भाई गौतम के साथ अपने मामा सोवरन सिंह के यहां शादी में शामिल होने आई थीं। रात में भोजन के दौरान भाई गौतम से कहासुनी हो गई। आरोप है कि मेरे मामा के पुत्र अनिल व शिवकुमार पुत्रगण सोवरन सिंह तथा उनके साले सन्नी व पंकज पुत्रगण छोटे लाल उर्फ रामनिवास ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसको चोटें आईं। उपनिरीक्षक शुभम वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### भोगनीपुर नहर में उतराता मिला अज्ञात महिला का शव

जसवंतनगर। क्षेत्र के ग्राम मल्हूपुर के सामने भोगनीपुर नहर में मंगलवार सुबह करीब लगभग 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव उतराता मिला। शव दिखाई देने से आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। गांव निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि वह सुबह खेत की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर नहर में उतराते शव पर पड़ी। उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी व हल्का इंचार्ज ललित चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

# फार्म 6 भरवाकर नए वोटर बनवाएं : डीएम

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में डीएम ने नेताओं के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता इटावा



एसआईआर पर मातहतों से चर्चा करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

डीएम ने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में विद्यमान है अगर वह अपना नाम कहीं दूसरी जगह दर्ज कराना चाहते हैं तो वह फॉर्म 8 भरकर उसे स्थानांतरण करेंगे ना कि फॉर्म 6 भरेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिनकी जनसुनवाई चल रही है तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की भी नोटिस आयोग के निर्देशानुसार जनरेट किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपील की कि अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी कि सूची तैयार है एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में तीन अभिलेख ही लगाने है साथ ही कहा कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सुनवाई करेंगे। एईआरओ द्वारा सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नो मैपिंग केस में आवेदक के मार्कशीट, पासपोर्ट, जन्मप्रमाण पत्र, जाति प्रमाण मान्य हैं। उन्होंने बताया कि सुनवाई 27 मार्च तक की जाएगी। उन्होंने राजनैतिक दलों से फॉर्म 6 अधिक अधिक भरवाने हेतु अपील की और कहा कि विशेष कर 18 व 19 वर्ष के मतदाता एवं महिला मतदाताओं को शत-प्रतिशत जोड़ा जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, कृपा नारायण तिवारी भाजपा, सत्येंद्र राजपूत भाजपा, उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, संजीव भदौरिया भाजपा, आशुतोष दीक्षित कांग्रेस, राजेश यादव सपा, मोहित जाटव बहुजन समाज पार्टी, प्रेम शंकर यादव सीपीएम, मोनू यादव सीपीएम, शौकीन सिंह सीपीएम, मो. राशिद कांग्रेस सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

### जिला गंगा, पौधरोपण एंव पर्यावरण समिति की बैठक हुई

इटावा। जिला गंगा, पौधरोपण एंव पर्यावरण समिति की बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति के अंतर्गत जन जागरूकता, नदी तट विकास, वनीकरण, सीवरेज उपचार हेतु बुनियादी ढांचे का विकास, नदी में बहने वाले ठोस अपशिष्ट को रोकना, जैव विविधता, नदियों का पुनरुद्धार आदि महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, डीएफओ विकास नायक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूमि अधिग्रहण पर किसानों से दूसरे दिन की वार्ता विफल

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** यूपीडा के प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे को आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण में जमीन खरीद को लेकर प्रशासन और किसानों के बीच दूसरे दिन की वार्ता भी बेनतीजा रही।

ताखा क्षेत्र के कुदरैल और पुरैला गांव की भूमि इस परियोजना में अधिग्रहित की जानी है। एक माह बीत जाने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री की प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है। मंगलवार को एसडीएम श्वेता मिश्रा और तहसीलदार जावेद अंसारी गांव पहुंचे। पंचायत भवन में किसानों के साथ बैठक की गई। किसान प्रयांक मिश्रा, मोहित गुप्ता, जसवीर सिंह, जान मोहम्मद समेत अन्य किसानों ने उचित मुआवजे की मांग की। किसानों का आरोप है कि उनकी जमीन राष्ट्रीय प्रांतीय मार्ग पर स्थित है, लेकिन प्रशासन उसे जनपदीय मार्ग मानकर कम दर से खरीदना चाहता है। किसानों के अनुसार राष्ट्रीय प्रांतीय मार्ग का सर्किल रेट 52 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है, जबकि जनपदीय मार्ग के तहत 46 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर तय की गई है। भुगतान सर्किल रेट का चार गुना किया जाना है, इसलिए करीब 24 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि कुदरैल विकासशील गांव में शामिल है, इसलिए 21 डेसिमल से कम जमीन का बैनामा वर्गमीटर के आधार पर होना चाहिए, लेकिन सामान्य दर से रजिस्ट्री की जा रही है।

एसडीएम श्वेता मिश्रा ने किसानों से बैनामा करने की अपील करते हुए कहा कि सर्विस रोड के किनारे आने वाली जमीन की सूची यूपीडा को भेजी जा रही है। यदि वहां से राष्ट्रीय प्रांतीय मार्ग का सर्किल रेट लागू करने का आदेश मिलता है तो अंतर की राशि किसानों के खातों में भेज दी जाएगी। हालांकि किसान इस आश्वासन से संतुष्ट नहीं हैं और उनका कहना है कि जब तक स्पष्ट आदेश जारी नहीं होता, वे बैनामा नहीं करेंगे।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध की गई जान

भरथना। ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव मामन, हिम्मतपुर निवासी 50 वर्षीय कमलेश बाबू पाल अपनी मोपेड से अपने गांव जा रहे थे तभी भरथना ऊसराहार मार्ग पर शिवा गेस्ट हाउस के समीप पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे कमलेश बाबू गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों तथा स्थानीय लोगों ने उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए मृतक कमलेश के छोटे पुत्र रवि पाल ने बताया कि मेरे पिता भरथना से घर वापस आ रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। उनकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम कराया।



विजेता छात्र छात्राओं के साथ समिति के पदाधिकारी व कालेज का स्टॉफ। अमृत विचार

### कला प्रतियोगिता पायल ने पाया प्रथम स्थान

इटावा। सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला पर्यावरण समिति के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन ब्लू बर्ड इंटर कॉलेज ग्वालियर बाईपास इटावा में किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल, द्वितीय स्थान प्रिया राजपूत ,तृतीय स्थान प्रियांशी राजपूत,सांत्वना पुरस्कार आकांक्षा यादव एवं प्रियांशी को प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय पर्यावरण संरक्षण पर था। प्रबंधक शिव शंकर तिवारी ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर संजीव चौहान ने कहा कि हमारे देश में वन्यजीव व वनस्पतियां प्रचुर मात्रा में मिलती है लेकिन हमारे प्राकृतिक संसाधनों का लगातार ह्रास होता जा रहा है जिसमें ना केवल उस में पाए जाने वाले जीव जंतुओं पर खतरा मंडरा रहा है बल्कि हमारे लिए भी जीवन का संकट खड़ा हो रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने मेंअमित कुमार, अजय यादव, मनोज दीक्षित नीलम पोरवाल ,अंजलि ,आंचल आंचल वन दरोगा सुरेश चंद्र, जयशंकर यादव, संतोष कुमार सिंह,अमन, इम्तेश राव सत्यार्थी एवं अनुज तिवारी का योगदान रहा।

### सीढ़ियों से गिरकर मुख्य आरक्षी की मौत

इटावा। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत अशोक नगर में मुख्य आरक्षी घर पर सीढ़ियों से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया और जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुख्य आरक्षी संजीव मिश्रा 37 वर्ष निवासी बिरहीपुर थाना कुर्रा मैनपुरी जनपद हाल पता अशोक नगर थाना फ्रेंडस कालोनी इटावा की तैनाती औरैया जनपद के ककोर थाने में थी। वह सोमवार को अवकाश लेकर अपने घर अशोक नगर आये थे। बीती रात घर के अंदर सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गिर पड़े। गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक संजीव मिश्रा वर्ष 2011 बैच के सिपाही थे।

# फर्राटा दौड़ में तान्या ने मारी बाजी

संवाददाता बकेवर इटावा

- जनता कालेज में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन
- खेलों से सभी को साथ लेकर चलने की भावना बढ़ती है : प्राचार्य



विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र देते प्राचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह के प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अजय दुबे राजकीय महिला महाविद्यालय जनता कालेज बकेवर के प्राचार्य प्रो. डॉ.राजेश किशोर त्रिपाठी, मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. डॉ.अशोक कुमार पांडेय एवं क्रीड़ा अधीक्षिका डॉ.ज्योति भदौरिया द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंचासीन अतिथियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया, मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य प्रो. राजेश किशोर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रतिभावान बनाने में खेलों के विशेष महत्व पर बल देते हुए छात्रों को बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि खेल भावना से सभी को साथ लेकर चलने की भावना का विकास होता है ।100 मीटर छात्रा दौड़ में तान्या कुमारी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने प्रथम ,चक्का फेंक में प्रियांशी बीएससी द्वितीय सेमेस्टर बायो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में प्रिया बीएससी द्वितीय सेमेस्टर बायो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर पुरुष दौड में बीकाम के अवनेंद्र सिंह ने प्रथम चक्का फेंक में आदित्य राठौर बीएससी कृषि ने प्रथम, 800 मीटर दौड़ में अभिषेक बाबू बीएससी कृषि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मी दौड़ में वीर प्रताप सिंह बीकॉम छठवां सेमेस्टर ने अपने प्रतिद्वंदियों को पछाडकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डा अशोक पांडे , डॉ ज्योति भदौरिया के अलावा कालेज का स्टाफ मौजूद रहा।


रेस्टोरेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते सीडीओ। अमृत विचार

### 'पंचनद कैफे एंड रेस्टोरेंट' का हुआ शुभारंभ

जसवंतनगर इटावा। तहसील परिसर में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित 'पंचनद कैफे एंड रेस्टोरेंट' का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अजय गौतम ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसी भी रेस्टोरेंट की सफलता भोजन की शुद्धता और स्वाद पर निर्भर करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि समूह की महिलाओं को रेस्टोरेंट संचालन के लिए विधिवत प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे यहां गुणवत्तापूर्ण एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल क्षेत्र में महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त उदाहरण बनेगी। उन्होंने कहा कि इस समूह की सफलता अन्य स्वयं सहायता समूहों को भी स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करेगी। 'पंचनद कैफे एंड रेस्टोरेंट' का संचालन जय मां काली स्वयं सहायता समूह की संचालिका विनीता देवी जगसोरा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बीडीओ डॉ. मनोज कुमार, एडीओ पंचायत देवेंद्र पाल सिंह यादव, एडीओ कृषि बलवीर सिंह, एडीओ आईएसबी महेश कुमार राजपूत आदि रहे।

# तृतीय में प्रियंका, पंचम में नमन व सप्तम सेमेस्टर में अनिरुद्ध रहे प्रथम

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- मेधावी छात्र -छात्रों को किया गया सम्मानित
- चौ.सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन


मेधावी छात्र छात्राओं के साथ कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में चौ. सुघर सिंह फार्मेसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

तृतीय सेमेस्टर में प्रियंका ने 80.1 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अभिनव ने 79.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पंचम सेमेस्टर में नमन शाक्य ने 79.2 प्रतिशत अंकों से प्रथम, खुशी ने 78.93 प्रतिशत अंकों से द्वितीय स्थान हासिल किया। सप्तम सेमेस्टर में अनिरुद्ध ने 80 प्रतिशत अंकों से प्रथम गुलशन ने 79.5 प्रतिशत अंकों से द्वितीय स्थान हासिल किया।

कॉलेज के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि संस्थान निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए शैक्षिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित कर रहा है तथा भविष्य में भी विद्यार्थियों को श्रेष्ठ मार्गदर्शन देता रहेगा। कॉलेज निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार यादव ने सफल विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे तथा सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# मनीष हत्याकांड : प्रेमिका का भाई मुख्य आरोपी गिरफ्तार


मनीष की हत्या का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

भरथना इटावा। थाना पुलिस ने मनीष हत्याकांड के तीसरे व मुख्य आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर कर लिया है। साथ ही पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर मृतक छात्र मनीष का टैबलेट भी बरामद कर लिया है, जिसे आरोपियों द्वारा नदी के समीप छिपाया गया था।

भरथना थाना प्रभारी विक्रम सिंह तथा अपराध निरीक्षक अरिमर्दन सिंह ने बताया कि 18 फरवरी को हुई बंधा निवासी छात्र मनीष की हत्या के तीसरे आरोपी अभिषेक निवासी केशोंपुर कलां थाना इकदिल को गिरफ्तार कर लिया । आरोपी की निशान देही पर मृतक मनीष का टैबलेट भी बरामद कर लिया गया है । पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 18 फरवरी को दिन में करीब एक बजे मनीष की हत्या करने के बाद उसके टैबलेट को मैंने अपने दोस्त ओमशरण उर्फ़ विपिन के साथ मिलकर अमृतपुर पुल के पास सेंगर नदी के समीप छिपा दिया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि हत्या के मामले में दोआरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत राजपुर कला वि०ख० जागीर जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा, योजनांतर्गत | अल्पकालीन निविदा सूचना | दिनांक– 24.02.2026

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत राजपुर कला वि०ख० जागीर जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 25/02/2026 को समय प्रात: 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 28/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीपाल के घर से सहदेव के घर से होते हुए उदयवीर के घर तक सीसी और नाली निर्माण कार्य। | 758184.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 1 माह |

मुकेश कुमार – ग्राम प्रधान | रोहित प्रकाश – पंचायत सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौराईपुर वि०ख० किशनी जनपद मैनपुरी**

पत्रांक –मनरेगा व राज्यवित्त योजनांतर्गत | दिनांक– 23.02.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौराईपुर विकासखंड किशनी जनपद मैनपुरी आवमुक्त अनुदान के लिए निम्न कार्य कराए जाने हेतु आमंत्रित की जाती है सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मोहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 24/02/2026 को समय प्रात: 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदादाता कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है तथा दिनांक 27/02/2026 को 12 बजे तक निविदा मूल्य दे कर प्राप्त की जा सकेगी तथा उसी दिन शाम 02:00 बजे से 4:00 बजे तक निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय दिवस में निविदा खोली जाएगी निविदादाताओं के साथ जमानत राशि के रूप में एफडीआर/नगद के रूप में ग्राम पंचायत सचिव के पद नाम बंधक होना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का नाम | सामग्री की अनु. लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाबूराम के दरवाजे से अनुज के दरवाजे तक इ0 लॉ0 व नाली निर्माण कार्य | 9,70,474.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |
| 2 | मैंन सड़क से मिलाप के दरवाजे तक सीसी निर्माण कार्य | 9,74,470.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |
| 3 | सरमन के घर से संतोष के घर तक इ0 लॉ0 व नाली निर्माण | 3,00,000.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |
| 4 | पुलिया से पंडित जी के प्लाट तक इ0 लॉ0 निर्माण कार्य | 3,50,000.00 | 2 प्रतिशत | बी0ओ0 क्यू0 | 15 दिन |

गुड्डी देवी – ग्राम प्रधान | रविनेश कुमार – पंचायत सचिव

**अभियान** | जिला महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जिला जज ने नवजात कन्याओं को बांटे बेबी किट

कार्यालय संवाददाता इटावा


धात्री महिला को ड्राईफ्रूट वितरित करते जिला जज रजत सिंह जैन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत शासन के निर्देशानुसार जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम रजत सिंह जैन जिला एंव सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नवजात कन्याओं का जन्म केक काटकर मनाया गया, जिसके उपरान्त जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने जिला महिला चिकित्सालय में 19 नवजात कन्याओं को बेबी किट व उनके जन्मप्रमाण पत्र तथा धात्री माताओं को ड्राईफ्रूट भेंट कर सम्मानित किया।

जनपद न्यायाधीश ने नवजात कन्याओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनकी माताओं और उनको विभिन्न सरकारी योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रथम बेटी के जन्म पर 5000 रुपये, द्वितीय श्रेणी एक वर्ष तक का टीकाकरण पूर्ण होने पर 2000 रुपये, तृतीय श्रेणी कक्षा 1 में प्रवेश पर 3000 रुपये, चतुर्थ श्रेणी कक्षा 6 में प्रवेश पर 3000 रुपये, पंचम श्रेणी कक्षा 9 में प्रवेश पर 5000 रुपये, षष्टम श्रेणी 10वीं या 12वी कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक मं् प्रवेश पर 7000 रुपये, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक आर्थिक सशक्तीकरण से नारी सशक्तीकरण की ओर बढ़ने के लिये प्रेरित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने नवजात कन्याओं की माताओं एवं उनके परिवारीजनों को उ.प्र. सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम मे विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, डा. यश्मिता सिंह, जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं जिला महिला चिकित्सालय का समस्त स्टाफ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कोहराम

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसौआ के रहने वाले विनय कुमार 33 वर्ष ने अपनी परचून की दुकान में फांसी लगाकर जान दे दी।

मृतक विनय कुमार ने सोमवार शाम को अपनी दुकान से कुछ दूरी पर स्थित घर पर अपने परिवार के साथ खाना खाकर दुकान पर सोने चला आया। मंगलवार की सुबह जब उसकी पत्नी दुकान पर आई तो दुकान का गेट अंदर से बंद था। वह अपने पति के गहरी नींद में सोने की समझ कर वापस चली गई। कुछ देर बाद पुनः वापस आई और दुकान का दरवाजा खटखटाया कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर अनहोनी की आशंका के तहत दुकान की दीवार में हल्के छेद से देखा तो उसे विनय फांसी के फंदे पर लटकता हुआ दिखाई दिया। आनन फानन में दरवाजा तोड़ कर विनय को फंदे से उतारा गया, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। मृतक ने पंखे के कुंडे से अपने अंगौछे के सहारे से फांसी लगाई थी। मृतक के पिता रमेश चंद्र की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष कमल भाटी ने घटना से संबंधित जानकारी एकत्रित की।

विनय की शादी 2009 में मैनपुरी जिले के ग्राम रामनगर की सुनीता से हुई है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र अभिजीत कुमार उम्र 10 वर्ष और अंशुल उम्र 6 वर्ष को छोड़ गया है। ग्रामीणों की अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### श्रीमद्भागवत में उमड़ा आस्था का जनसागर

बेला, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव फकीरेपुरवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही कथा पंडाल में भक्ति गीतों, शंखनाद और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कथावाचक शास्त्री लक्ष्मी यादव ने तीसरे दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, गोवर्धन पर्वत धारण प्रसंग एवं भक्तों के प्रति भगवान की कृपा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने मात्र से मनुष्य के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और उसे धर्म, प्रेम एवं सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

### कुत्ते ने पांच लोगों पर किया हमला

अछल्दा । विकासखंड क्षेत्र के लक्ष्मणपुर माफी गांव में एक आवारा कुत्ते ने एक लड़की सहित पांच लोगों पर हमला कर दिया। घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया, जिससे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। हमले में रामचंद्र, वेद प्रकाश, रघुवीर, आराध्या और हृदेश कुमार घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल अछल्दा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई।

### युवक ने मालगाड़ी के सामने कूदकर दी जान

औरैया। कंचौसी रेलवे स्टेशन के निकट डीएफसी रेलवे लाइन पर सोमवार शाम एक युवक ने मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन के लोको पायलट ने मेमो के माध्यम से न्यू कंचौसी स्टेशन को इस घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही कंचौसी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को ट्रैक से हटाकर उसकी पहचान की प्रक्रिया शुरू की। सोशल मीडिया के जरिए घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पपहुंचे। उन्होंने शव की पहचान कानपुर देहात जिले के रसूलाबाद निवासी 28 वर्षीय धर्मेंद्र राजपूत, पुत्र तेज राम के रूप में की। कंचौसी चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिसोदिया ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

### बाइक डिवाइडर से टकराई, दो घायल

बेला, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव नीमहार निवासी प्रदीप पुत्र सुघर सिंह पाल व जनपद कन्नौज के थाना मकरन्दनगर के गांव बलई निवासी इंद्रेश पुत्र रक्षपाल सोमवार देर शाम करीब नौ बजे नीमहार से एक जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर लौट रहे थे। जैसे ही वो बेला-तिर्वा मार्ग पर पहुंचे तभी अचानक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। जिससे दोनों युवक सड़क के दूसरी लेन पर जा गिरे और घायल हो गये। रहागीरों की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस की टीम के हेड कांस्टेबल विजय कुमार ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेला पहुंचाया। जहां मौजूद डॉक्टर स्वास्तिका सिंह, फार्मासिस्ट विक्रम सिंह एवं सीएचओ द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जनपद कन्नौज स्थित डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया है कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# फर्जी जीएसटी फर्म बना करोड़ों की कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## चार गिरफ्तार ,जरुरतमंद लोगों को रुपये का लालच देकर दस्तावेज हासिल करते थे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। पुलिस ने फर्जी जीएसटी फर्म बनाकर करोड़ों रुपये की कर चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह द्वारा 229.50 लाख रुपये की अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा कर केंद्र और राज्य सरकार के राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने बताया कि गिरोह के सदस्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को 10-15 हजार रुपये का लालच देकर उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते व अन्य दस्तावेज हासिल कर लेते थे। इन दस्तावेजों के आधार पर फर्जी किरायानामा और बिजली बिल तैयार कर जीएसटी फर्मों का पंजीकरण कराया जाता था। इसके बाद बिना वास्तविक खरीद-फरोख्त के फर्जी इनवॉइस जारी कर आईटीसी क्लेम किया



जानकारी देते एसपी अभिषेक भारती।। अमृत विचार

जाता था। पुलिस ने इस मामले में श्याम सुंदर पासवान, अशोक कुमार पासवान, महावीर शरण उर्फ पहाड़िया और विमल कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 लैपटॉप, 8 एंड्रॉयड फोन, 9 कीपैड फोन, 8 पासबुक, 7 डेबिट कार्ड, 11 रजिस्टर, 12 आधार कार्ड, 20 सिम कार्ड तथा 6 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि श्याम सुंदर पासवान भोले-भाले लोगों से दस्तावेज एकत्र कर फर्जी फर्म बनवाता था। अशोक कुमार कंप्यूटर पर दस्तावेजों में हेरफेर कर कंपनियां तैयार करता था। महावीर शरण बोगस फर्मों के जरिए आईटीसी पास-ऑन कर राजस्व चोरी में शामिल था, जबकि विमल कुमार अपने नाम पर फर्जी फर्म बनवाकर आर्थिक लाभ और कमीशन प्राप्त करता था। पूरे प्रकरण की जांच पुलिस की विशेष एसआईटी द्वारा की गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, निरीक्षक अनुप कुमार मौर्य तथा साइबर थाना उपनिरीक्षक हेमंत चौधरी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

अयाना, औरैया। थाना क्षेत्र के अंतौल स्थित मायके में रह रही विवाहिता ने सोमवार दोपहर को घर के बरामदे में पंखे के कुंडे में रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन की है।

अंतौल निवासी रामशंकर ने बताया कि उन्होंने अपनी इकलौती बेटी सुधा की शादी 20 मई 2025 को सुरजनपुर निवासी पिंटू के साथ की थी। दामाद के गुटखा खाने से बेटी नाराज रहती थी। वह 12 जनवरी को घर आ गई थी। सोमवार सुबह दामाद बेटी को लेने घर पर आया था। बेटी ने खाना खाने की बात कही थी, इसपर दामाद गेट पोतने के बाद दोपहर में वापस आने की बात कहकर चला गया। दोपहर एक बजे जब वह घर पहुंचा तो उसे बेटी का शव बरामदे में लगे पंखे के कुंडे में रस्सी के फंदे पर मिला। अनहोनी पर परिजन रोने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन करने के साथ फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजन की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीमद्भागवत कथा व राम कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जनपद के मोहल्ला गोविंद नगर स्थित शुक्ला आटा चक्की वाली गली इन दिनों पूर्ण रूप से भक्तिमय माहौल में डूबी हुई है। यहां भव्य रूप से श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं।

प्रातः एवं सायंकाल आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य श्री हरनारायण जी महाराज भक्तों को भागवत महापुराण की दिव्य कथाओं का रसपान करा रहे हैं। अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से वे श्रद्धालुओं को भक्ति, धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रहे हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर एवं मार्मिक वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठते हैं। वहीं रात्रि में आयोजित श्री राम कथा में कथा व्यास महंत गुरुप्रसाद रामायणी जी द्वारा भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और सत्यनिष्ठा का विस्तार से वर्णन किया जा रहा है। वे श्रोताओं को श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन



कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार

में उतारने का संदेश दे रहे हैं। कथा के दौरान पूरा पंडाल "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठता है। इस धार्मिक आयोजन में परीक्षित के रूप में श्रीमती ज्योति दुबे पत्नी कुलदीप कुमार दुबे श्रद्धापूर्वक भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के संरक्षक श्री व्यास नारायण दुबे हैं, जबकि संचालन की जिम्मेदारी दीपक दुबे द्वारा निभाई जा रही है। आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रतिदिन बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रवासियों में धार्मिक आस्था और उत्साह चरम पर है। कथा स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर डीएम ने दिये जरूरी निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ मानस सभागार में बैठक की।

जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण- 2026 के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि जनपद में 18 वर्ष से 19 वर्ष आयु के मतदाता बनने हेतु फार्म- 6 अपेक्षा के अनुरूप कम प्राप्त हुए हैं। अतः आप सभी राजनैतिक दल अपने बीएलए के माध्यम से 18 वर्ष से 19 वर्ष आयु के नवयुवा मतदाताओं के फार्म अधिक से अधिक बीएलओ को उपलब्ध करायें।

डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने अनमैप्ड मतदाताओं में अधिकांश महिला मतदाता होने की बात कहते



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

हुए कहा कि यह वह महिलाएं हैं जो शादी होकर आई हैं और उनके माता-पिता के अभिलेख न होने के कारण उन्हें मैप्ड नहीं किया जा पा रहा है। अतः आप लोगों से अपेक्षा है कि उन लोगों के भी प्रपत्र संकलन कराने में बीएलए के माध्यम से बीएलओ का सहयोग कराने का कष्ट करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता के स्थान परिवर्तन के सम्बन्ध में फार्म- 8 की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि जब किसी मतदाता द्वारा फार्म- 8 सभी प्रपत्रों सहित बीएलओ को उपलब्ध कराया जाता है। तब बीएलओ द्वारा पोर्टल पर अपलोड किया जाता है और उस मतदाता का स्वतः पूर्व मतदान स्थल के लिए फार्म- 7 जनरेट होता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आप सभी दलों को प्रत्येक सप्ताह में हुई प्रगति की सूचना हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराई जाती है जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिविहीन व पारदर्शिता के साथ बनाया जाना है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, कोहराम

औरैया। पूर्वा तारा गांव के सामने बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया।

मृतक की पहचान कानपुर नगर के शाखा जनवारा निवासी 28 वर्षीय प्रद्युम सिंह के रूप में हुई है। घायल युवक निखिल (24) जनवारा निवासी है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि दोनों युवक पूर्वा सुजान से फालिस की दवा लेकर अपने घर लौट रहे थे। पूर्वा तारा गांव के सामने पहुंचते ही किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रद्युम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया।

# मौरंग मंडी में एसडीएम की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- चार डंपरों पर 2.5 लाख का जुर्माना
- तीन वाहन सीज, पिछले 15 दिनों में तीसरी बड़ी कार्रवाई

अमृत विचार। मंगलवार सुबह एसडीएम सदर अजय आनंद ने मौरंग मंडी में औचक छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। कार्रवाई के दौरान कुल 22 डंपरों की जांच की गई, जिनमें से चार वाहनों के पास वैध कागजात नहीं पाए गए।

प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से इन चार डंपरों पर कुल 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इनमें से एक वाहन स्वामी ने मौके पर ही जुर्माना राशि जमा कर दी, जिसके बाद उसे सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। वहीं शेष तीन डंपर चालकों द्वारा जुर्माना न भर पाने पर एसडीएम ने वाहनों को सीज करने का आदेश दिया। सीज किए गए तीनों डंपरों को तत्काल देवकाली चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस बीच मंडी संचालक ने प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यह कार्रवाई एक भाजपा नेता के इशारे पर लगातार की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि खनन घाटों से ही ओवरलोडिंग पर रोक लगा दी जाए तो मंडी तक ओवरलोड वाहन पहुंचेंगे ही नहीं। एसडीएम सदर अजय आनंद ने स्पष्ट किया कि अवैध परिवहन और नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना वैध कागजात संचालित वाहनों पर कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दो बाइकों की टक्कर, तीन घायल

अछल्दा (औरैया)। फफूंद थाना क्षेत्र के ग्राम सेउपुर में सोमवार को सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। ग्राम सेउपुर निवासी कुमारी जानकी (16) पुत्री अशोक सिंह एवं वर्षा (17) पुत्री शिवपाल, इंटर कॉलेज अछल्दा में अर्थशास्त्र का पेपर देकर बाइक से अपने गांव लौट रही थीं। उसी दौरान ग्राम पसैया मौजा बंशी निवासी नितेश कुमार (18) पुत्र शिवशंकर अपनी बाइक से मौसी के यहां सेउपुर जा रहा था। सेउपुर पुलिया के पास पीछे से दोनों बाइकों की टक्कर हो गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# होमगंज फफूंद में हुआ सुंदरकांड

संवाददाता फफूंद औरैया

अमृत विचार। हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में मंगलवार को सोलहवां सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन स्थान शिव मंदिर होमगंज गल्ला मंडी मोहल्ला होमगंज फफूंद के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

आयोजक शोले राठौर हिंदू युवा मोर्चा संघ के आह्वान पर सुंदर कांड का आयोजन सम्पन्न किया गया जिसमें हिन्दू युवा मोर्चा संघ के सभी पदाधिकारी, सदस्य व पूरे फफूंद नगर व समस्त क्षेत्रीय जनता व सभी हिन्दू भाई उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ समय का 2 बजे से



सुंदरकांड पाठ करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर बाल कृष्ण मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष( हिन्दू युवा मोर्चा संघ) गौरव श्रीवास्तव संगठन महामंत्री, बृजेंद्र सविता संगठन मंत्री विनोद तिवारी, संरक्षक गोपाल अवस्थी, नगर संयोजक विक्की शर्मा, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राम दास, शिव शर्मा, गगन कुशवाहा, शिवराज सिंह, संजीव कुमारआदि मौजूद रहे।


## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)

क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर

भविष्य निधि भवन, सर्वोदय नगर कानपुर– 208005

दूरभाष: 0512-2217464, ई मेल: ro.kanpur@epfindia.gov.in,

वेबसाइट: www.epfindia.gov.in

सत्यमेव जयते

G20 भारत 2023 INDIA

पत्रांक–94/क.भ.नि.सं./क्षे.का./कानपुर/प्रेस विज्ञप्ति/2025–26/ दिनांक–24.02.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

**निधि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम का आयोजन**

विदित है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा निजी, संगठित, असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों / कर्मचारियों एवं पेंशनरो की समस्याओं के निराकरण करने के लिए प्रत्येक माह की 27 तारीख को (अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवसों में) निधि आपके निकट 2.0 को डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के रूप में शुरू किया गया है।

इस हेतु दिनांक 27 फरवरी 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के परिक्षेत्र में आने वाले सभी 15 जिलों (औरैया, बाँदा, चित्रकूट, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, हमीरपुर, जालौन, झाँसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, ललितपुर, महोबा एवं उन्नाव) में क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर की 15 टीमें निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन करेंगी, जहां पर उन क्षेत्रों में निवास करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशनरों, नियोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेंगी। इस आयोजन में **प्रधान मंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY), निष्क्रीय खाते (Inoperative accounts) एवं कर्मचारी नामांकन अभियान (EEC), 2025** की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी एवं APP के माध्यम से **स्वयं जीवन प्रमाण करना** भी बताया जायेगा। जिलेवार **''निधि आपके निकट 2.0''** प्रोग्राम के स्थल निम्न प्रकार हैं:–

| जिला | आयोजन स्थल के नाम | नोडल अधिकारी का नाम | मोबाइल न. |
|---|---|---|---|
| औरैया | जेपी इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर इटावा हाईवे, औरैया | श्री रमाकांत शर्मा | 7905580818 |
| बांदा | दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, चिल्ला रोड, मवई बुजुर्ग, बांदा (यूपी) | श्री अतुल चौहान | 7896077511 |
| चित्रकूट | सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल, असोह, चित्रकूट | श्री संतोष कुमार गुप्ता | 6392294076 |
| इटावा | सेंट विवेकानन्द पब्लिक स्कूल, आलमपुर हौज, आगरा रोड, इटावा | श्री राजेश कुमार सोनकर | 7007717625 |
| फर्रूखाबाद | प्रकाश कोल्ड स्टोरेज, लाल गेट, फर्रूखाबाद | श्री राजेश कुमार मिश्रा | 9454031217 |
| फतेहपुर | मनरेगा कार्यालय, विकास भवन, फ़तेहपुर | श्री सर्वेश्वर सिंह | 9651466795 |
| हमीरपुर | मैसर्स ऑर्गेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गेट नंबर 48, गांव भदरवाड़ा, राठ, हमीरपुर (यूपी) | श्री संत राम | 9451422743 |
| जालौन | मेसर्स पटेल कॉयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एफ 14 से 17, औद्योगिक क्षेत्र, ओरई, जालौन | श्री राहुल गुप्ता | 8787202011 |
| झांसी | सेंट कोलंबस पब्लिक स्कूल, 89 कैंट, लास्काला क्रॉसिंग, झांसी | श्री अजय कुशवाहा | 9161929448 |
| कन्नौज | नगर पालिका, कन्नौज | श्री चन्द्र शेखर सिंह | 6386066022 |
| कानपुर देहात | कंसाई नेरोरल पेंट्स लिमिटेड, जैनपुर, कानपुर देहात | श्रीमती वंदना पाण्डेय | 8009425395 |
| कानपुर नगर | नितिन बैकर्स प्रा. लिमिटेड, बी–22, साइट–5, पनकी औद्योगिक क्षेत्र, कानपुर | श्री संजय कुमार निगम | 9839027917 |
| ललितपुर | मैसर्स राज सिक्योरिटी प्लेसमेंट एंड अर्थमूवर्स, मेन रोड जेल चौराहा, ललितपुर | श्री प्रखर पुरवार | 9617521403 |
| महोबा | सीएमओ कार्यालय, महोबा | कु. नंदिनी राय | 7309233628 |
| उन्नाव | रहमान इंडस्ट्रीज लिमिटेड, साइट–3, औद्योगिक क्षेत्र, पोस्ट अकरमपुर चकरमपुर, उन्नाव | श्री आलोक दीक्षित | 8840007940 |

अतः कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सभी सदस्यों, पेंशनरो, नियोक्ताओं से अनुरोध है कि वह अपने जिले में आयोजित होने वाली निधि आपके निकट 2.0 प्रोग्राम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं एवं किसी व्यक्ति के नियोक्ता/कंपनी/ठेकेदार/विभाग के द्वारा यदि पी. एफ. अधिनियम का लाभ नहीं दिया जा रहा है तो वह उसकी शिकायत भी कर सकता है।

(प्रतीश सिंह)
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–II


सर्च अभियान

**निचली गंगा नहर में डूबी डस्टर कार हादसे के मामले में मंगलवार को गोताखोरों ने सर्च ऑपरेशन चलाकर मोबाइल बरामद किया**

# निचली गंगा नहर में गोताखोरों को शुभम का मोबाइल मिला

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। दिबियापुर में आयोजित भांजी के वैवाहिक कार्यक्रम से लौटते समय निचली गंगा नहर में डूबी डस्टर कार हादसे के मामले में मंगलवार को गोताखोरों ने सर्च ऑपरेशन चलाकर मृतक शुभम पोरवाल का मोबाइल बरामद कर लिया। हालांकि उनकी मां मधु पोरवाल का मोबाइल और पर्स अभी तक नहीं मिल सका है।

18 फरवरी की रात मोतीगंज, भर्थना निवासी डालडा कारोबारी राजीव कुमार पोरवाल उर्फ कल्लन (60), उनकी पत्नी मधु पोरवाल (55) और पुत्र शुभम पोरवाल (27) दिबियापुर के कैलाश रिसोर्ट में आयोजित तेल-बुलावा व अन्य वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर डस्टर कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अछल्दा क्षेत्र में निचली गंग नहर के पास सड़क कटने और



गोताखोरों की ओर से किया जाता सर्च ऑपरेशन। अमृत विचार

किनारे पड़े गोबर के ढेर के कारण तेज रफ्तार कार का पहिया फिसल गया और वाहन अनियंत्रित होकर नहर में पलटकर डूब गया। कार पूरी रात नहर में डूबी रही। सुबह करीब 6.30 बजे पूर्व प्रधान प्रेम किशुन राजपूत ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर द्वारा कार को बाहर निकाला गया। खिड़की खोलकर देखा गया तो तीनों की मौत हो चुकी थी। राजीव पोरवाल के जेब में मिले मोबाइल से उनकी पहचान हो सकी। मृतक के बड़े पुत्र सूर्य मोहन पोरवाल के अनुरोध पर थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने मंगलवार दोपहर करीब दो बजे गोताखोरों को बुलाकर सर्च अभियान चलवाया। गोताखोर



मौके पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

शिववीर सिंह, सतेन्द्र, देव सिंह और बलवीर सिंह (निवासी मढ़ा चैकी देवकली, थाना औरैया) ने मृतक परिवार के सदस्य की मौजूदगी में नहर को खंगाला। इस दौरान शुभम का मोबाइल पानी से बरामद हो गया, लेकिन मधु पोरवाल का मोबाइल और पर्स नहीं मिल सका। नहर में तेज बहाव को देखते हुए क्षेत्राधिकारी पुनीत मिश्रा ने सिंचाई विभाग के एसडीओ से पानी का स्तर कम कराने के लिए बात की है। बताया गया कि शाम तक नहर के पटरे बंद किए जाएंगे। बुधवार सुबह पुनः गोताखोरों द्वारा तलाश अभियान चलाया जाएगा। मौके पर क्षेत्राधिकारी पुनीत मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### देशी शराब ठेके से चोर ले गए आठ पेटी शराब

**कुरारा।** सरसई गांव में देशी शराब की दुकान से 2500 रुपये नकदी व आठ पेटी शराब चोरी होने पर दुकानदार ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाक्षेत्र के सरसई गांव स्थित देशी शराब की दुकान के अनुज्ञापी जितेंद्र पुत्र देशराज निवासी घाटमपुर, कानपुर नगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 फरवरी की रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दिया। दुकान से 8 पेटी देशी शराब लगभग 28 हजार रुपये की चोरी कर ले गए। इसके अलावा गल्ले में रखी 2500 रुपये नकदी भी चोरी हो गए।

### युवक ने पी डाई

**सुमेरपुर।** ग्राम विदोखर पुरई में सोमवार शाम एक युवक ने शराब पीने के बाद घर आकर डाई पी ली। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। जयपाल प्रजापति मजदूर है। सोमवार शाम इसके पुत्र संदीप (18) ने दोस्तों के साथ शराब पी और घर आकर डाई पी ली। मंगलवार को हालत में सुधार होने पर अस्पताल से उसे घर भेज दिया गया है।

### रहस्यमय तरीके से ननद भौजाई लापता

**मौदहा।** कस्बे से इस बार ननद भौजाई एक साथ रहस्यमय तरीके से लापता हैं। जिनकी पुलिस जांच कर रही है। एक मोहल्ला निवासी पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने बेटी का विवाह खन्ना थाना क्षेत्र के एक गांव में किया था, लेकिन बेटी ससुराल में अक्सर झगड़ा करती थी जिसके चलते पति के साथ यहां किराया का कमरा लेकर रह रही थी लेकिन फिर भी पति से झगड़ा करती थी। जब पति के साथ अच्छी तरह से रहने की बात कहता था तो उससे भी झगड़ा करती थी। बताया कि बीते 21 फरवरी की शाम करीब चार बजे उसकी बेटी अपनी भौजाई के साथ घर से नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गई हैं। पीड़ित ने कस्बे की एक महिला और पुरुष पर संदेह जता नामजद शिकायत दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### देवर ने भाभी व भतीजे को मारा पीटा

**मौदहा।** बिवांर थानाक्षेत्र के गांव भुगैचा निवासी कुन्ती पत्नी रामकिशन प्रजापति ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी की रात 8 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थी। तभी उसका देवर हरीकिशन किसी को गाली दे रहा था। शोरगुल सुनकर वह बाहर निकली तो देखा कि देवर बंटवारे को लेकर सास कल्ली पत्नी महिपाल को गाली दे रहा है। उसके पति ने देवर को गाली देने से मना किया तो उसने पति के साथ छीना झपटी शुरू कर दी। यह देख जब उसने पति को बचाना चाहा तो हरीकिशन ने पत्थर से उसके सिर में मारा जिससे कि उसे गंभीर चोट आ गईं। उसके लडके आशीष पुत्र रामकिशन के गले में नाखून से नोंच लिया। हरीकिशन जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### कोई भी वस्तु परमात्मा से अलग नहीं है

**मौदहा (हमीरपुर)।** ग्राम लरौंद के भोलेनाथ मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को कथा व्यास ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास भरत महराज ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है।

### ऑटो की टक्कर से परीक्षार्थी गंभीर

**मौदहा।** इण्टर मीडिएट की परीक्षा देने कस्बा आ रहे छात्र की बाइक में आटो ने टक्कर मार दी। ।सिसोलर थानाक्षेत्र के ग्राम बजेहटा निवासी जयप्रकाश (17) पुत्र झण्डू सिंह का परीक्षा केंद्र कस्बे के विद्या देवी पालीवाल इण्टर कालेज रागौल में है। मंगलवार को द्वितीय पाली में उसका अर्थ शास्त्र का पेपर था। जिसे देने वह बाइक से मौदहा आ रहा था तभी सामने से आ रहे आटो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से छात्र को गंभीर चोटें होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# होलिका दहन स्थलों के पास जर्जर बिजली के तारों को दुरुस्त कराएं

## कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला पीस कमेटी की बैठक हुई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



पीस कमेटी की बैठक लेते जिलाधिकारी घनश्याम मीना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली, रमजान के अंतिम शुक्रवार (अलविदा) की नमाज एवं ईद-उल-फितर को देखते जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला पीस कमेटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बैठक में गणमान्य व्यक्तियों से सुझाव व समस्याएं जानी।

होलिका दहन स्थलों के आसपास तथा अन्य संबंधित स्थलों पर जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त किए जाएं। उपजिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी पर्वो को लेकर स्थलीय निरीक्षण कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। जुलूसों में डीजे पर धार्मिक उन्माद फैलाने अथवा अश्लील गाने न बजाए जाएं। पर्व के दौरान किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो। कहा अधिकारी संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दें। डीपीआरओ एवं नगर निकायों के समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराएं।

पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अवैध शराब की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। खाद्य पदार्थो की रोकथाम को अभियान चलाएं। गरीब आदमी पर अनावश्यक 107/116 की कार्यवाही न करें। छुट्टा पशुओं को संरक्षित करें। सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी की जाए और किसी भी तरह का भड़काऊ पोस्ट करने या माहौल खराब करने वाले अराजकतत्वों पर कार्यवाही की जाए। जनपद में एकता और भाई-चारे की मिसाल को बरकरार रखा जाए। बैठक में एसपी डा दीक्षा शर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार सहित अधिकारी व पीस कमेटी के सदस्य एवं विभिन्न धर्म एवं समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता पर मुख्य रास्ता बाधित करने का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा निवासी एक परिवार ने भाजपा के अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष और उनके परिजनों पर रास्ता रोकने का आरोप लगाया है।

हुसैनगंज निजामीपुरा निवासी मोहम्मद अतहर ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके घर के पास स्थित मुख्य रास्ते को लेकर दीवानी न्यायालय में मुकदमा अल्ताफ हुसैन बनाम परवीन बानो के नाम से विचाराधीन है। न्यायालय ने 9 अक्टूबर 2025 को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया था। आरोप है कि प्रतिवादिनी परवीन बानो और उनकी पुत्री हिना परवीन वर्तमान में भाजपा की अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष हैं। राजनैतिक पहुंच का इस्तेमाल करते हैं। आरोप है कि मुख्य रास्ते पर अपनी कार खड़ी कर दी है। रास्ता बंद होने से घर में कैद होकर रह गए हैं। 22 फरवरी को कोतवाल संतोष सिंह मौके पर पहुंचे थे, लेकिन उनके जाने के बाद विपक्षी ने गाड़ी को और अधिक तिरछा कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। पीड़ित ने आशंका जताई कि कोई अप्रिय घटना घट सकती है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

# हत्या में पिता- पुत्रों समेत 5 को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- मवई गांव में पुरानी रंजिश के चलते पांच वर्ष पूर्व धारदार हथियार से युवक की हत्या की थी

**अमृत विचार।** मवई गांव में पुरानी रंजिश के चलते पांच वर्ष पूर्व धारदार हथियार से हमलाकर एक युवक की हत्या व दो सगे भाइयों को घायल करने की सुनवाई मंगलवार को अदालत में हुई। अदालत ने पिता व पुत्रों समेत पांच को उम्रकैद, नौ-नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ला व सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि मवई गांव निवासी चंद्रकरन ने 27 नवंबर 2021 को थाने में तहरीर दी। बताया कि उसका भाई अर्जुन पुत्र भागीरथ, धर्मपाल व सरोवर पुत्र संतराम खेत में मकान बनाकर रहते हैं। सुबह सभी खेत में काम कर रहे थे। तभी करीब 10 बजे चंद्रकरन, उसका भाई ब्रजकिशोर व धमना गांव निवासी रविंद्र खेत में रह रहे भाइयों को खाना देने जा रहे थे। तभी गांव निवासी रामकिशोरी का बेटा धीरेंद्र, वीर सिंह, अरविंद और रामभरत व उसका बेटा शत्रुघन और रामकिशोरी की पत्नी संपतरानी खेत में अर्जुन, धर्मपाल व सरोवर पर कुल्हाड़ी, डंडा व हसियां से हमला बोल दिया। यह देख चंद्रकरन व रविंद्र ने ललकारा तो सभी फरार हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा। लेकिन रास्ते में अर्जुन की मौत हो गई। जबकि धर्मपाल और सरोवर को झांसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ने चंद्रकरन की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ हत्या, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। 21 फरवरी को विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार ने सुनवाई की। रामकिशोरी उसके बेटे धीरेंद्र उर्फ धीर सिंह, वीर सिंह और रामभरत व उसके बेटे शत्रुघन सिंह को हत्या व हत्या के प्रयास के मामले में दोषी करार दिया था। वहीं रामकिशोरी की पत्नी संपतरानी को साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिया। जबकि रामकिशोरी के तीसरे बेटे अरविंद की मौत हो चुकी है। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई पूरी करते हुए विशेष न्यायाधीश (दप्रक्षे) अनिल कुमार खरवार ने धीरेंद्र उर्फ धीर सिंह, वीर सिंह, शत्रुघन सिंह, रामकिशोरी व रामभरत को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए नौ-नौ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के विरोध में किया प्रदर्शन



ज्ञापन देते यादव महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** यादव जी की लव स्टोरी नामक रिलीज होने वाली फिल्म को लेकर यादव समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मंगलवार को यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म रिलीज की जा रही है। जिसमें एक लड़की यादव समाज से और एक लड़के को मुस्लिम समाज से जोड़कर दर्शाया गया है। जिससे यादव समाज में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। कहा उच्च न्यायालय इलाहबाद के आदेशानुसार जाति आधारित सम्मेलन और रैलियों पर रोक लगाई गई है। इसके बावजूद कुछ लोग जाति और धर्म आधारित फिल्म के जरिए शांत वातावरण को प्रभावित करने का प्रयास कर रहें है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**बिवांर (हमीरपुर)।** एआई समिट के विरोध करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भाजपाइयों ने पुतला फूंक विरोध जताया।

बिबांर नगर में बांधुर तिराहा में भाजपा पदाधिकारियों एवं दर्जनो लोग उपस्थित हुए। यहां कांग्रेस के राहुल गांधी के विरोध में पुतला फूंका गया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला संयोजक राजदीप सिंह ने बताया कि भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित एआई समिट का भारत सरकार ने 16 से 20 फरवरी को आयोजन किया था। जिसमें दुनिया भर के के राष्ट्राध्यक्ष आए थे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस की युवा विंग और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओ ने नग्न होकर समिट का विरोध किया। जिससे विश्व में भारत की छवि को धूमिल कर राष्ट्र विरोधी कार्य किया। जिससे कांग्रेस के प्रति रोष व्याप्त है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।



सरस्वती वंदना प्रस्तुत करतीं छात्राएं अमृत विचार



ढिमरयाई गीत पर अपनी कला का प्रदर्शन करते बच्चे। अमृत विचार

# सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मचाया धमाल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- जरिया गांव स्थित लक्ष्मी नारायण पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार।** जरिया स्थित लक्ष्मी नारायण पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। नन्हें मुन्नें बच्चों ने अपनी मोहक प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी।

मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक लक्ष्मी नारायण ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित किया। छात्रा नैंसी, मुस्कान, माही, निशा, अंशिका, आकांक्षा, प्रांशी, दिया, आशिकी, राधिका, सपना ने झनन झनन वीणा झनकाए सरस्वती वंदना, अंशिका तिवारी, अंशिका गुप्ता, हर्षिता, पलक, साधना, साक्षी, हेटल, नैंसी, वैष्णवी ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। छात्राओं ने उर खोल चले स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सूर्यांश, मयंक, राजवीर, उमंग, सुमित, विकास, लक्ष्मीकांत, प्रशांत, आसू, अंकुल आदि ने ढिमरयाई गीत पर डांस किया। रेखा और प्रांशी ने घर मेरे परदेशिया गीत पर डांसकर खूब ठुमके लगाए। हास्य नाटक आत्म विश्वास में लवकेश, सूर्यांश, धीरेंद्र, रीवेंद्र, प्रिंस, जीशान रिसल, आदित्य ने जोरदार प्रस्तुति से दी। शिवानी और गुंजन ने मेरे प्यारे वतन गाने पर जोरदार डांस किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। दर्शकों ने बच्चों की हौंसला अफजाई के लिए खूब तालियां बजाईं। संचालन जयचंद्र और हरिओम ने किया। होरीलाल प्रधान पवई समेत अनेक लोग रहे। स्कूल के प्रबंधक जगदीश प्रसाद ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

## मस्जिद और नमाजियों को बदनाम करने को लेकर की झूठी शिकायत

**मौदहा (हमीरपुर)।** मस्जिद और नमाजियों के खिलाफ झूठी शिकायत कर बदनाम करने से नाराज दो दर्जन से अधिक लोगों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देकर आरोपी पिता पुत्र पर कार्यवाही की मांग की है।

कस्बे के मोहल्ला हैदरिया स्थित टिकरा वाली मस्जिद में नमाज़ पढ़ने वाले नमाजियों पर मस्जिद में अभद्रता करने, डीजे बजाकर नाचने की झूठी शिकायत करने वाले कथित तांत्रिक पिता पुत्र हनीफ और दानिश के विरुद्ध महिलाओं और पुरुषों ने ज्ञापन दिया। मोहल्ले वालों का आरोप है कि दानिश अपने आप को कभी पत्रकार, कभी मानवाधिकार आयोग तो कभी जेई आदि बताकर झूठी शिकायत करता है। जिसके चलते पुलिस परेशान कर रही है। शिकायत में बताया कि कोतवाली प्रभारी और इंस्पेक्टर क्राइम ने भी मामले को देखा और कुछ नहीं कहा, लेकिन दानिश के कुछ सिपाहियों से संबंध होने के कारण उसके हौसले बुलंद हैं। पिता पुत्र मिलकर झाडफूंक कर मोहल्ले में अंधविश्वास फैला रहे हैं।

# फूटा तालाब के सुंदरीकरण की मांग

**पौथिया (हमीरपुर)।** गांव में राठ स्टेट हाईवे किनारे प्राचीन फूटा तालाब की किस्मत अभी तक फूटी ही है। गुंदला जलकुंभी से पटा तालाब बेमकसद साबित हो रहा है।

बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव स्थित आशामाई मंदिर के समीप सैकड़ों वर्ष पुराना भारी भरकम फूटा तालाब के नाम से सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। जो अतिक्रमण से घिरता जा रहा है। साथ ही जलकुंभी गुंदला से पटा है। वहीं गांव के नापदानों का गंदा पानी भरने के कारण इससे बदबू उड़ती रहती है ।जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है।



हाईवे किनारे तालाब में उगी जलकुंभी।

ग्रामीण बताते हैं कि करीब तीस वर्ष पूर्व तालाब का पानी सुंदर और स्वच्छ रहता था गांव के लोग नहाते थे और इसी तालाब के पानी से मंदिर में जल चढ़ाते थे। सावन के महीने में गुड़िया कजली पर्व पर बच्चे खेल खेलते थे। भूतपूर्व सैनिक जगदीश सचान, कामता प्रसाद, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, बसंत, राम खिलावन आदि ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से फूटा तालाब को अमृत सरोवर में शामिल कर सुन्दरीकरण कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने बताया ग्राम पंचायत के साथ अन्य निधि द्वारा धनराशि स्वीकृत होने पर ही सुंदरीकरण कराया जा सकता है।




पुरस्कार पाने वाले छात्र। अमृत विचार

**आक्रोश** सड़क चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी कर रहा मनमानी, व्यापार मंडल ने ज्ञापन सौंपा

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर भेदभाव का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)




एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में लोनिवि द्वारा सड़क के चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण हटाने के नाम पर किए जा रहे भेदभाव को लेकर रोष जताया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप निराकरण कराने की मांग की है।

मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गुप्ता की अगुवाई में दर्जनों व्यापारियों ने एसडीएम कोर्ट पहुंच एसडीएम अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंपा। बताया कि कस्बे की आबादी करीब डेढ़ लाख है। जनसंख्या के सापेक्ष सुविधाओं की कमी है। जिससे नागरिकों को परेशानी होती है। बताया कि कस्बे के मुख्य मार्ग में हो रहे चौड़ीकरण को लेकर पीडब्ल्यूडी द्वारा भेदभाव का रवैया अपनाया जा रहा है। कस्बे में जाम की समस्या से जनता त्रस्त है। कहा नागरिकों के साथ समानता का व्यवहार किया जाए। उन्होंने कस्बे में रिंग रोड़ निर्माण की मांग उठाई। जिससे राठ उरई मार्ग, राठ हमीरपुर मार्ग, राठ चरखारी मार्ग और राठ महोबा मार्ग रिंग रोड़ से जुड़ सकें।

कस्बे के लिए स्वामी ब्रहमानंद पेयजल परियोजना लगभग 10 सालों से बंद पड़ी है। गर्मी के समय पानी की समस्या विकराल हो जाती है। पेयजल समस्या का निस्तारण कराने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान गिरीश शरण बुधौलिया, धर्मेंद्र कुमार साहू, दीपक गुप्ता, राजेंद्र सर्राफ, प्रशांत गुप्ता राष्ट्रवादी, अंकित माहेश्वरी, सुरेश सोनी, ब्रजेंद्र सोनी भोले समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से कारीगर की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के चरखारी रोड स्थित बिजली पावर हाउस के पास निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से ठेका लेने वाले राजमिस्त्री की मलबे में दबकर मौत हो गई।

कस्बे के अतरौलिया निवासी अरविंद (38) पुत्र जय सिंह भवन निर्माण का ठेका लेकर काम करता था। वह कस्बे में चरखारी रोड में बिजली पावर हाउस के पास मकान निर्माण का ठेका लेकर काम करवा रहा था। तभी कार्य करने के दौरान अचानक निर्माणाधीन मकान की छत गिर गई। जिससे हादसे में भवन निर्माण का ठेका लेने वाले कारीगर अरविंद की छत के मलबे में दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि अरविंद ठेके पर मकान निर्माण करता था। वह पत्नी कौशल्या, मां श्याम देवी और बहन सोनिया सहित पुत्र मनीष गौरव और क्रिस को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# प्रतियोगिता में अव्वल छात्रों को मिले पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- राष्ट्रीय गणित दिवस को लेकर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार।** जिला विज्ञान क्लब द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस को लेकर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से प्रायोजित हुआ। प्रतियोगिताओं ने अव्वल आए छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता ने किया। सुमेरपुर कस्बे के दिग्विजय पब्लिक इंटर कॉलेज में गणित एवं विज्ञान के प्रति रुचि तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने वाले छात्रों ने गणित मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें अनन्या मिश्रा, रूद्र, हर्षित, सात्विक ने प्रथम स्थान पाया। वहीं रौनक, पूजा, संध्या देवी, दीपांशी द्वितीय स्थान स्थान पर रहीं। संकल्प ने तृतीय स्थान पाया। शिवम एवं अनन्या मिश्रा, दीपिका, स्तुति को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आदित्य कुमार प्रथम, योगिता गुप्ता द्वितीय व प्रियांशु यादव तृतीय रहे। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने सम्मानित किया। संचालन जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जीके द्विवेदी ने किया। डॉ. विनय कुमार गुप्ता समन्वयक जालौन एवं अनिल गुप्ता जिला समन्वयक, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। रमाकांत ने चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या की। प्रधानाचार्य सुमन सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रणविजय सिंह, सिद्धार्थ सिंह, यतीश चंद्र शिक्षक गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## होली पर्व पर बंद रहेंगी शराब व गांजे की दुकानें

**महोबा।** रमजान और आगामी पर्व होली को लेकर महोबकंठ थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने पर जोर देते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने की बात कही गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने होली के त्योहार पर शराब ठेके बंद रखे जाने के साथ भांग और गांजे की अवैध बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के भी निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

## ईनामी वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा

**महोबा।** सदर कोतवाली पुलिस टीम और एसओजी की संयुक्त टीम ने 25 हजार रुपये का ईनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसओजी व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम के नेतृत्व में सदर कोतवाली में विभिन्न धाराओं में वांछित ईनामी अभियुक्त नीरेंद्र कुमार दीक्षित को नगर स्थिति कचहरी के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेशी के लिए भेजा गया है।

## एमएलसी ने वार्ड सदस्यों के हित में उठाया मुद्दा

**कुलपहाड़।** एमएलसी जितेंद्र सिंह ने सदन में नगरीय निकायों में वार्ड सदस्यों को सीधे विकास की धनराशि आवंटन किए जाने का मुद्दा उठाया गया। उन्होंने कहा कि यदि वार्ड के सदस्यों को सीधे विकास के लिए धनराशि मिलने लगेगी, तो वह अपने वार्ड में बेहतर ढंग से विकास कार्य करा सकेंगे। लखनऊ में चल रही विधानमंडल सत्र दौरान महोबा हमीरपुर बांदा क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने नगरीय निकायों में वार्ड सदस्यों को सीधे विकास धनराशि आवंटित करने की मांग उठाई थी। इस मांग का कुलपहाड़ नगर पंचायत के वार्ड सभासदों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ वर्तमान प्रक्रिया में सिर्फ प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। उनका सीधा दखल विकास कार्यों में नहीं रहता है, यदि यह मांग पूरी होती है, तो वह अपने वार्डों का कार्य बेहतर ढंग से कर पाएंगे।

## 39 गेहूं क्रय केंद्रों पर 17 मार्च से होगी खरीद

**महोबा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 की गेहूं खरीद के लिये जिलाधिकारी ने जिले में 39 गेहूं क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं, जिसमें खाद्य विभाग के 5, पीसीएफ के 29, भारतीय खाद्य निगम के 4 और मंडी समिति का एक गेहूं क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं। जिला ख विपणन अधिकारी ने बताया कि 39 केन्द्रों में से सदर तहसील में 15, चरखारी तहसील में 11 और कुलपहाड़ तहसील में 13 क्रय केन्द्र बनाए गये हैं। सभी केन्द्रों पर खरीद संबन्धी सभी तैयारियां पूर्ण करायी जा रही हैं और खरीद 17 मार्च, 2026 से प्रारम्भ होगी। बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में भारत सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करते हुये न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धाति किया गया है, जिसका भुगतान 48 घंटे में गेहूं के विक्रय मूल्य का किसान के आधारलिंक बैंक खाते में किया जाएगा। बताया कि किसानों का पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है और जिले में अभी तक 104 किसानों ने अपना पंजीकरण सुनिश्चित कर लिया है।

# मोबाइल न दिए जाने से छात्रा ने लगाई फांसी

## मौत की सूचना मिलने पर मृतका के पिता को लगा सदमा

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र में कक्षा सात की चौदह वर्षीय छात्रा ने मोबाइल न मिलने से नाराज होकर फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुई इस घटना के बाद से मृतका के परिजनों में मातम छा गया। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मोहल्ला पोला निवासी अवधेश राजपूत की पुत्री प्राची (14) घर के एक कमरे में अपनी बड़ी बहन काजल के साथ बैठी हुई थी। काजल जो बीए की छात्रा है मोबाइल से आनलाइन पढ़ाई कर रही थी, तभी प्राची मोबाइल देने की जिद करने लगी, जिस पर बड़ी बहन ने अभी पढाई कर रही हूं की बात कहकर मोबाइल देने से मना कर दिया। प्राची मोबाइल न मिलने के बाद दूसरे कमरे में चली गई और दरवाजा लगाकर फांसी के फंदे में झूलकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक जब प्राची की आवाज सुनाई नहीं दी तो उसने परिजनों को बुलाकर कमरे के बाहर पहुंचकर दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। प्राची की कोई आवाज न सुनाई देने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं टूटा, इसके बाद मोहल्ले वालों की मदद से जब दरवाजा तोड़ा गया, तो प्राची का शव फंदे से लटका मिला। मजदूरी के लिए बाहर गए पिता को जब बेटी की मौत की खबर मिली, तो वह सदमे में आ गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब इस मामले के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच करते हुए परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## बरकतों वाला महीना है रमजान : इरशाद

**जालौन।** वैसे तो हर दिन ईश्वर की इबादत करना चाहिए लेकिन इस्लाम में रमजान माह को बेहद खास माना गया है जिसमें नेकी करने पर कई गुना शवाब मिलता है इसलिए इस मौके का सभी को फायदा उठाना चाहिए।

इस्लाम धर्म में माहे रमजान-उल-मुबारक की बड़ी शान व मर्तबे बयान किए गए हैं और इस मुबारक महीने का चांद नजर आते ही हर मुसलमान के चेहरे पर खुशी दिखने लगती है। दारुल उलूम गौसिया मजिदिया के प्रबंधक अल्हाज हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि अल्लाह का हम लोगों पर बड़ा एहसान करम है कि उसने हमें माहे रमजान जैसी नेमत से नवाजा है तो हमें चाहिए कि हम अपने परवरदिगार के हुक्म को मानते हुए रमजान के रोजे रखे और अगर किसी शरई मजबूरी की वजह से रोजा ना रख पाए तो किसी के सामने कुछ भी ना खाएं। रमजान का और रोजेदार का एहतेराम करें और अल्लाह ने हम पर जो चीजें मना व हराम फरमाई हैं हम उससे बचें। उन्होंने बताया कि ये महीना बहुत ही बरकतों वाला महीना है।

# दो मस्जिदों में मुकम्मल किया कुरान

कार्यालय संवाददाता, महोबा



हाफिज का फूलमालाओं से स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुकदस माह रमजान के पांचवे रोजे में शहर की मगरियापुरा और मदन सागर तालाब किनारे स्थित मस्जिद में तरावीह पढ़ाकर कुरान मुकम्मल किया गया। शहर के मगरियापुरा की मस्जिद में हाफिज कारी सलीम रजा साहब ने कुरान सुनाकर तरावीह खत्म की। वहीं मदन सागर वाली मस्जिद में हाफिज कारी अकबर ने तरावीह पढ़ी। खत्मुल कुरान के मौके पर मौलानाओं ने रोजे की फजिलत बताते हुए रोजे की अहमियत बनाई।

मगरियापुरा की नूरानी मस्जिद में खत्मुल कुरान के मौके पर कारी सलीम साहब ने खिताब करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली किताब कुरान है। इस कुरान में अल्लाह तआला ने हर चीज का जिक्र किया है। इंसानों के लिए हिदायत का तरीका कुरान में बताया है, इस्लाम के सारे कानून कुरान में मौजूद हैं। अल्लाह तआला ने कुरान को याद करने वालों के लिए कुरान बहुत आसान कर दिया है, इसलिए कुरान को सीने में दस से 15 साल के बच्चे याद करके बसा लेते है।

- **नूरानी मस्जिद मगरियापुरा में खत्मुल कुरान के मौके पर किया गया खिताब**

कुरान की तिलावत करने से तमाम परेशानी दूर हो जाती है। खत्मुल कुरान के मौके पर हाफिज सलीम साहब को नजराना दिया गया। मस्जिद के ऊपरी और नीचे के हिस्से में लोगों ने तरावीह पढ़ी। इस मौके पर मुजफ्फर हुसैंन अंसारी, फरीद अंसारी, राजू अंसारी, गुलजार खान, शकील अंसारी, तौफीक, शानू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उधर शहर की मदन सागर किनारे स्थित मस्जिद में हाफिज कारी अकबर ने पांचवे रोजे को ही पूरा कुरान सुनाकर तरावीह मुकम्मल की। कुरान सुनने के लिए यहां पर शाम साढ़े सात बजे से लोग मस्जिद में पहली सफ में जगह पाने के लिए पहले से ही पहुंच जाते थे, जिससे तरावीह साफ सुनाई दे। सोमवार की रात को तालाब किनारे की मस्जिद में कुरान खत्म होने के बाद यहां पर नातिया कलाम और फातिहा कराई गई। इसके बाद सभी लोगों को तबर्रुख वितरित किया गया। तरावीह खत्म होने के बाद हाफिज साहब को नजराना दिया गया और सभी लोगों ने पैसे देते हुए मुसाफा किया।



विद्यार्थियों को जानकारी देतीं एसआई। अमृत विचार

## मेलों में पुलिस की भूमिका के बारे में बताया

**महोबा।** छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (एसपीईएल) कार्यक्रम के तृतीय चरण के तहत छात्र छात्राओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का विषय मेला, जुलूस, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सामूहिक कार्यक्रमों में पुलिस के किए जाने वाली बंदोबस्त ड्यूटी और प्रभावी भीड़ प्रबंधन रहा।

कार्यक्रम दौरान प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला ने विद्यार्थियों को बताया गया कि बड़े आयोजनों में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बंदोबस्त ड्यूटी के अंतर्गत पूर्व योजना बनाना, संवेदनशील स्थलों का चिन्हित करना, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था का संचालन और आपातकालीन सेवाओं से समन्वय स्थापित करना आवश्यक होता है। सत्र में विशेष रूप से भीड़ के साथ संवाद स्थापित करने, शांति और धैर्य बनाए रखने, अफवाहों पर नियंत्रण, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का उपयोग तथा समझाइश के माध्यम से स्थिति को नियंत्रित करने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम संवादात्मक शैली में आयोजित किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे गए।

# प्रचार वाहन को दिखाई झंडी

कार्यालय संवाददाता, महोबा





फार्मर रजिस्ट्री प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखातीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने मंगलवार को फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के समस्त गांवों में कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जागरूक करेगा। डीएम ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए 149325 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिसमें से फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए 40647 किसान शेष रह गये हैं।

बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए शासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जिले के सभी कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य लेखपाल, कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक, एटीएम, बीटीएम एवं पंचायत सहायकों द्वारा कैम्प लगाकर की जा रही है। कृषक भाई कैंप में या जनपद में संचालित किसी भी जनसुविधा केन्द्र (सीएससी) से या स्वयं फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए कृषक को आधार कार्ड, खतौनी एवं मोबाइल साथ में लाना होगा। फार्मर रजिस्ट्री एक डिजिटल डेटावेस प्रकिया है, इसमें किसान की पहचान, भूमि विवरण एवं संपर्क विवरण दर्ज होता है। फार्मर रजिस्ट्री के तहत प्रत्येक किसान को एक यूनिक कोड दिया जाता है। जब यह कोड विभागीय बेवसाइट पर दर्ज किया जाता है तो किसान की सम्पूर्ण जानकारी प्रदर्शित हो जाती है। बताया कि किसानों को फसली ऋण एवं आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता होगी। विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए कृषक को बार-बार भौतिक सत्यापन से मुक्ति मिलेगी। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डाकघर के स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के गांधीनगर में स्थित डाकघर को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थानांतरित किए जाने को लेकर वरिष्ठ पेंशनर्स सेवा संस्थान पेंशनरों की समस्या को लेकर आगे आ गया और संस्थान ने केंद्रीय मंत्री दूरसंचार विभाग नई दिल्ली ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर डाकघर का स्थानांतरण रोके जाने की मांग की है। इससे डाकघर से लेनदेन करने वाले खाताधारकों को अब छह से आठ किमी. दूर जाना पड़ेगा।

केंद्रीय संचार मंत्री को लिखे गए पत्र में पेंशनर्स सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि शहर के गांधीनगर में संचालित डाकघर में वर्तमान समय में 72 हजार बचत खाते संचालित हैं और ऐसे अधिकतर बचत खाते वरिष्ठ नागरिकों के हैं, जिन्हें खाते के संचालन के लिए शहर से करीब आठ किमी. दूर कलेक्ट्रेट जाना पड़ेगा। अधिकतर इस डाकघर में वरिष्ठ नागरिकों के खाते हैं, इससे पेंशनर्स सेवा संस्थान भी डाकघर के स्थानांतरण को लेकर खासा परेशान हैं। पत्र में बताया कि गांधीनगर डाकघर में प्रतिदिन सौ से अधिक स्पीड पोस्ट के लिफाफे बुक किए जाने हैं और यहां पर आएदिन लोग खाता खुलवाने आते हैं।

कलेक्ट्रेट की दूरी अधिक होने के कारण स्पीड पोस्ट सेवा सहित डाकघर के अन्य कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जबकि गांधीनगर का डाकघर शहर के बीचो बीच है। संस्थान ने डाकघर को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थानंतरित न किए जाने की मांग की है।

# पुलिया बनवाने की बजाय रास्ता बंद किया

कार्यालय संवाददाता, महोबा



सड़क पर बनाई गई दीवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चरखारी के जयसागर व रपट तालाब के मध्य बनी पुलिया करीब पांच माह पहले क्षति ग्रस्त हो गई थी। नगर वासियों ने इस क्षतिग्रस्त पुलिया को दुरुस्त कराए जाने की मांग उठाई तो निर्माण विभाग ने महोबा मुस्करा मार्ग की पुलिया को सही कराने के बजाय सड़क के दोनों तरफ ईंटों की दीवार खड़ी करके रास्ता ही बंद कर दिया।

चरखारी रियासतकालीन तालाब जयसागर व रपट सागर तालाब को आपस में जोड़ने वाली पुलिया करीब 5 माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गयी थी। क्षतिग्रस्त पुलिया में किसी अवांछनीय दुर्घटना को रोके जाने के लिए समाजसेवी संस्था ने खुद ही चेतावनी बोर्ड लगा दिया था। पुलिया क्षति ग्रस्त होने की लोक निर्माण विभाग को जानकारी हुई तो उसने पुलिया निर्माण कराने के बजाय सूपा चुंगी से लेकर जयसागर तालाब के अंतिम छोर पर दोनों ओर दीवारें खड़ी कर दीं और रास्ता ही पूरी तरह से बंद कर दिया, जिससे यहां के बाशिंदों और राहगीरों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया और महोबा आने जाने के लिए डायवर्जन रोड का ही इस्तेमाल किया, बावजूद इसके प्रशासनिक अधिकारियों की इस पर नजर नहीं गई। कस्बा वासियों का कहना है कि उक्त रोड पर भारी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही है। 25 से 30 टन भार वाले डंपर भी रूट से गुजरते हैं और सभी वाहनों का डायवर्जन कोठीताल रोड की तरफ किया गया है और यह पुल भी रियासतकालीन है और भारी वाहनों की आवाजाही से पुल में नीचे की ओर दरारें आ गयी हैं और समय रहते पुलिया का निर्माण नहीं किया जाता तो कोठीताल व जयसागर तालाब के बीच स्थित पुल भी क्षतिग्रस्त होने के आसार बढ़ गए हैं।

## आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप

**जालौन।** प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए बीजेपी के नगर अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर आवास योजना की जांच कराने और दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की है।

भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय सिंह राजावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब, मजदूर, महिला, किसान, शोषित और वंचित वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिससे लाखों लोगों को इसका लाभ मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में योजना के अंतर्गत धांधली की जा रही है। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की कॉल डिटेल और बैंक खातों की जांच कराने की मांग की है।

# दिव्यांग बोर्ड कैंप में नहीं पहुंचते डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, महोबा



कैंप के बाहर प्रदर्शन करते समिति के लोग व दिव्यांग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में लगाए गए दिव्यांग बोर्ड कैंप में डाक्टरों के नदारद रहने और कैंप में अव्यवस्थाओं से नाराज विकलांग कल्याण समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और इसकी शिकायत जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन देकर की। ज्ञापन में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के अलावा अवकाश या अनुपस्थित होने पर लिखित सूचना दिए जाने की मांग उठाई।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि जिला अस्पताल में आयोजित दिव्यांग बोर्ड कैंप में अव्यवस्था और डॉक्टरों की अनुपस्थिति से सैकड़ों दिव्यांग परेशान होते हैं। दूर-दराज से आने वाले दिव्यांगों को अक्सर बिना प्रमाण पत्र के खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है। विकलांग कल्याण समिति के मुकेश भारती और यशपाल सिंह सहित अन्य सदस्यों का आरोप है कि नियम अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए ईएनटी सर्जन, आई सर्जन और हड्डी रोग विशेषज्ञ की तीन सदस्यीय टीम को कैंप में मौजूद रहना होता है, लेकिन हड्डी रोग विशेषज्ञ अक्सर अपनी ड्यूटी से नदारद रहते हैं। इसके चलते बोर्ड में आने वाले दिव्यांगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्ळोंने कहा कि यदि किसी कारणवश विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं होते हैं, तो इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाती और न ही सूचना पट्ट पर कोई नोटिस लगाया जाता है साथ ही दिव्यांग संगठनों को पहले से सूचित नहीं किया जाता है। विकालांग कल्याण समिति ने डीएम और सीएमएस से चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और अनुपस्थिति की स्थिति में पहले से लिखित जानकारी दिए जाने की मांग की है।

# बसपाइयों ने 2027 के लिये कसी कमर

कार्यालय संवाददाता जालौन



कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जालौन के माधौगढ़ स्थित एक गेस्ट हाउस में बहुजन समाज पार्टी के जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर रणनीति बनाई गई। सम्मेलन में बसपा नेतृत्व ने माधौगढ़ विधानसभा सीट से आशीष पांडेय को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया।

प्रत्याशी की घोषणा बसपा के बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार ने मंच से की। उन्होंने बताया कि पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कुरौली निवासी व्यापारी आशीष पांडेय पर भरोसा जताते हुए उन्हें मैदान में उतारा है। अहिरवार ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया।

- **माधौगढ़ स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन**

लालाराम अहिरवार ने अपने संबोधन में विश्वास व्यक्त किया कि बसपा 2027 के विधानसभा चुनाव में 2007 की तरह ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि बसपा की नीतियां 'सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय' पर आधारित हैं, और पार्टी गरीब, दलित, पिछड़े तथा सर्व समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। माधौगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद आशीष पांडेय ने पार्टी नेतृत्व और मायावती का आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में बसपा की जीत सुनिश्चित करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

खेल के मैदान से | सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का हो रहा आयोजन

# ऊंची कूद में अंश व लंबी कूद में आरव ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता जालौन





शील्ड के साथ विजेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सेठ वीरेंद्र कुमार पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिक स्पोर्ट्स मीट के पहले दिन सोमवार को क्वालीफाइंग मुकाबले हुए थे। मंगलवार को फाइनल मुकाबलों में 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में आराध्या, मोनिका, नित्या, कृष्णा और रैयान अहमद, 200 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग में वंश, अभिनय, यश, आराध्या, ओमिका एवं अनवेशा, 50 मीटर दौड़ प्राइमरी वर्ग में काव्या, माही, अक्षिता, उमंग, हसनैन और कार्तिक ने बाजी मारी। ऊंची कूद में अंश ने पहला, वैभव ने दूसरा और अनय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में आरव, कृष्णा और अदनान पहले तीन स्थानों पर रहे।

प्री प्राइमरी वर्ग में अरमान, श्रेष्ठ, सैयद, कौशेन, वंश, सान्या, एंजिल और नित्या ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर वर्ग कबड्डी में रेड हाउस विजेता जबकि ब्लू हाउस उपविजेता रही। प्राइमरी वर्ग कबड्डी में ग्रीन हाउस पहले स्थान पर एवं यलो हाउस दूसरे स्थान पर रही। खो खो प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने बाजी मारते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि ग्रीन व यलो हाउस संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका कंचन द्विवेदी, मधुर तिवारी, रिजवाना अंसारी, शुभम व असद ने निभाई। अंत में पुरस्कार वितरण करते हुए पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. नितिन मित्तल ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी और जो प्रतिभागी स्थान नहीं पा सके उन्हें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरणा दी। प्रधानाध्यापक मुकुट सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## एनएसएस का लक्ष्य दूसरों की मदद करना

**जालौन।** कैलाशी देवी श्रवण कुमारी महाविद्यालय के एनएसएस शिविर के समापन पर शिविर की आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार पचौरी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य दूसरों की मदद से है। हमें समाज में रह रहे सभी वर्ग के लोगों की आवश्यकता को देखकर उनकी मदद करनी चाहिए। जो सीखा है उसे समाज के लिए उपयोग करें। तभी इसका उद्देश्य सफल होगा। कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण दीक्षित और डॉ. जितेंद्र परिहार ने भी सप्ताह भर में जो जानकारी हासिल की उसे स्वयं सेवकों को अपने जीवन में उतारने की बात कही। इस मौके पर सभासद रविशंकर, मनोज पांडेय, राजेश द्विवेदी, नफीस सिद्दीकी, रीतेश द्विवेदी, मिली द्विवेदी, आशीष अवस्थी आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब समेत तीन गिरफ्तार

**चित्रकूट।** भरतकूप थाने के एसआई अभिषेक सिंह ने शिवभूषण पुत्र शिवकंठा निवासी गोबरिया बुजुर्ग को 31 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। मारकुंडी थाने के एसआई रमेश सिंह ने बल्लू रजक पुत्र रामदास निवासी नई बस्ती मझगवां (सतना) को 19 पाउच देशी शराब के साथ, एसआई अरविंद कुमार सिंह ने भीम पुत्र धरमा निवासी इटवा डुडैला को 17 अदद देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### बकायेदार की नीलामी 27 फरवरी को

**मानिकपुर।** तहसीलदार ने बताया कि नयापुरवा मजरा रुख्मा बुजुर्ग निवासी एक ग्रामीण संग्रह अनुभाग मानिकपुर में बैंक देय के 10 बड़े बकायेदारों में से एक है। बैंक ऋण की धनराशि जमा न करने पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर के आदेश पर इसकी कुर्कशुदा भूमि की नीलामी 27 फरवरी को नियत की गई है। नीलामी तहसील परिसर में की जाएगी।

### संविदा पर रखे जाएंगे एक्सरे टेक्नीशियन

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक्सरे टेक्नीशियन की कमी, ओपीडी में रोगियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर जिलाधिकारी ने चार अतिरिक्त एक्सरे टेक्नीशियन को आउटसोर्सिंग संस्था के माध्यम से संविदा पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की है। बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आउटसोर्स संस्था के टोल फ्री नंबर 1800-123-660661 पर संपर्क कर पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### कोषागार घोटाले में पांच लोग गिरफ्तार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** एसआईटी टीम ने कोषागार घोटाले में वांछित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार वर्मा के नेतृत्व में एसआईटी टीम के निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय व उनकी टीम ने जीवनलाल, नत्थूराम निवासी नांदी, लल्लू प्रसाद कुशवाहा निवासी पहाड़ी, कैलाश नाथ पांडेय निवासी ओरा और शिवंगल निवासी छेछरिया खुर्द को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में निरीक्षक राकेश कुमार मौर्या, उप निरीक्षक राजेश कुमार और आरक्षी कुलदीप द्विवेदी शामिल रहे।

# ननद-भाभी को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा

## मृत बुजुर्ग की अस्थियां विसर्जित करने परिवार समेत प्रयागराज जा रही थीं दोनों

संवाददाता रामनगर चित्रकूट



पोस्टमार्टम हाउस में बैठीं शोकग्रस्त परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुजुर्ग की अस्थियां विसर्जित करने प्रयागराज जा रहे एक महोबा निवासी परिवार की दो महिलाओं को हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल महिलाओं ने अस्पताल लेकर पहुंचे वहां पर डॉक्टर ने दोनों को मृत बताया। महिलाएं रिश्ते में ननद-भाभी थीं।

जानकारी के मुताबिक, महोबा जिले के खन्ना थाना क्षेत्र निवासी परिवार अपने बुजुर्ग रामदीन की अस्थियों को विसर्जित करने संगम प्रयागराज जा रहा था। कार में चालक समेत आठ लोग सवार थे। मंगलवार सुबह लगभग साढ़े चार बजे रामनगर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर इनकी कार का टायर पंक्चर हो गया। इस पर चालक वाहन का टायर बदलने लगा। बताया जाता है कि इसी दौरान ननद रानी प्रजापति (36) पत्नी त्रिभुवन निवासी शेषापुरा, अपनी भाभी शिवकुमारी (40) पत्नी राममनोहर निवासी लोहड़ी सिगैला के साथ सड़क किनारे खड़ी होकर बातें कर रही थीं। प्रयागराज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को टक्कर मारी और कुचलता हुआ निकल गया। बदहवास परिवारीजन ट्रक की ओर भागे तो ट्रक चालक और उसका सहकर्मी वाहन छोड़कर भाग गए। हालांकि बाद में पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। थाना प्रभारी रैपुरा आशुतोष तिवारी और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सीओ राजापुर राजकमल ने बताया कि ट्रक और उसके चालक एवं उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने कस्टडी में ले लिया है। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।



रानी।



शिवकुमारी।

### साथ रहती थीं ननद और भाभी

- परिवारीजनों ने बताया कि शिवकुमारी और रानी ननद-भाभी थीं और दोनों में काफी घनिष्ठता थी। दोनों अक्सर एक साथ ही आती जाती थीं। परिवार की जिम्मेदार और मिलनसार महिलाओं में गिनी जाती थीं। एक साथ उनकी मौतों ने पूरे परिवार को झकझोर दिया।

# कार्यालय आने वालों से करें मर्यादित व्यवहार: जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



विकास भवन का मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को विकास भवन के विभिन्न विभागीय पटलों का औचक मुआयना किया। डीएम ने अधिकारियों, कर्मचारियों को कड़ी हिदायत दी कि वे कार्यालय आने वाले लोगों से मर्यादित व्यवहार करें और शिष्टाचार से पेश आएं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यप्रणाली, पत्रावलियों के रखरखाव और जनसुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि विकास भवन में आने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों एवं आम नागरिकों के साथ मर्यादित एवं शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रवेश द्वार को और अधिक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाने, नोटिस बोर्ड पर अद्यतन जानकारी प्रदर्शित करने को कहा। निर्देश दिए कि प्रवेश द्वार और गैलरी से अनुपयोगी और टूटे फर्नीचर को तत्काल हटाएं। बताया कि विकास भवन जनपद के विकास कार्यों का केंद्र है। निर्देशों का उल्लंघन करने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जवाबदेही तय की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सराहा :** जिलाधिकारी ने शक्ति रसोई कैंटीन के मुआयने के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की कर्मठता की सराहना की। गौरतलब है कि कैंटीन का प्रबंधन नव्य स्वयं सहायता समूह शंकर बाजार द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर समूह की सदस्य शीला रैकवार मौजूद रहीं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राहकों की सुविधा के लिए खाद्य पदार्थों की रेट लिस्ट प्रदर्शित की जाए। कैंटीन में मिलेट्स (मोटा अनाज) से निर्मित खाद्य पदार्थों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

# बाल अपचारियों की गतिविधियों पर रखें नजर



राजकीय संप्रेक्षण गृह का मुआयना करतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी।

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी ने मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बाल अपचारियों पर जर रखें।

निरीक्षण के दौरान राजकीय संप्रेक्षण गृह में सामान्य ज्ञान की कक्षा चल रही थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बाल अपचारियों को शिक्षा पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे विशेष तकनीकी माध्यम से बाल अपचारियों को अंग्रेजी भाषा पढ़ना, लिखना एवं बोलना सिखाने के लिए विशेष प्रयास करें, प्रत्येक बाल अपचारी का प्रगति कार्ड बनाएं और बच्चों की गतिविधियों पर सूक्ष्म नजर रखें। उन्होंने बाल अपचारियों की समस्याएं पूछीं और निशुल्क अधिवक्ता के संबंध में बताया। इस दौरान विदिषा भूषण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड, वीर सिंह संस्था प्रभारी, अर्चना श्रीवास्तव सदस्य, दीपक कुमार काउंसलर आदि मौजूद रहे।

# दबाव में आकर हस्ताक्षर न करें: मिश्रा

संवाददताता रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत की मंगलवार को हुई बैठक में ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा ने ग्राम प्रधानों को आगाह किया कि अगर गांवों में नियमित जलापूर्ति न हो रही हो तो वे किसी अधिकारी या कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि के दबाव में आकर सत्यापन रिपोर्ट पर हस्ताक्षर न करें। बताया कि वह स्वयं इस योजना के तहत गांव-मजरों में जाकर जलापूर्ति का हाल देख रहे हैं।

बैठक की शुरुआत ब्लाक प्रमुख के साथ जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, बीडीओ राजेश कुमार तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने नमामि गंगे योजना से हर घर जल न मिलने की दिक्कत बताई तो ब्लाक प्रमुख ने कहा कि जिन गांवों एवं मजरों में नमामि गंगे का पानी नहीं पहुंच रहा है वे लोग उनको बताएं। ग्राम प्रधानों से कहा कि जल जीवन मिशन की निगरानी वह खुद कर रहे हैं। इसलिए गांवों में बिना पानी पहुंचे, सत्यापन कतई न करें। बीडीओ ने वित्तीय वर्ष 2024 तक की कार्ययोजना की प्रगति रिपोर्ट बताई। बताया कि पंचम वित्त एवं राजवित्त से एक करोड़ 42 लाख 42 हजार 44 रुपये एवं पंद्रहवां राजवित्त से 62 लाख 16 हजार 2 सौ 98 रुपये से क्षेत्र पंचायत में काम किए गए। विधायक निधि से ब्लाक के एकल खाता से चार लाख 80 हजार 6 सौ 24 रुपये से काम कराए गए। विधायक निधि से लगभग साढ़े 4 करोड़ रुपये से 20 ग्राम पंचायतों में 50 काम प्रस्तावित हैं। इंटवा के क्षेत्र पंचायत सदस्य ने इंटवा गांव में नाली में जलभराव, साफ सफाई न होने की समस्या उठाई। इस पर ब्लाक प्रमुख ने बीडीओ से तत्काल सफाईकर्मियों की टीम गांव में भेजने की व्यवस्था कराने के लिए अनुरोध किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी ने ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने, महत्वपूर्ण मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की। ब्लाक प्रमुख एवं बीडीओ ने बताया कि जिला स्तर से संस्तुति मिलने के बाद योजना पर अमल किया जाएगा।





क्षेत्र पंचायत की बैठक में मौजूद ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा व अन्य।

- **जलापूर्ति पर ब्लाक प्रमुख ने ग्राम प्रधानों को किया आगाह**

**जिम्मेदारों की गैरहाजिरी का मुद्दा उठा :** बैठक में जिम्मेदार अधिकारियों की गैरमौजूदगी का मुद्दा भी उठा। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी ने कहा कि अधिकारियों के मौजूद न रहने से तमाम विकास कार्यों की सही जानकारी नहीं मिल पाती। इस दौरान अनुपस्थित रहने वाले जिम्मेदारों पर निंदा प्रस्ताव करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने के लिए जिला प्रशासन से संस्तुति की गई। उन्होंने रामनगर मुख्य सड़क से ब्लॉक मुख्यालय तक की सड़क न बनने की बात कही। ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त सड़क लोक निर्माण विभाग की है। इसमें जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत कुछ नहीं कर सकतीं।

### ग्राम चौपाल में किसानों की समस्याएं सुनीं

**पहाड़ी।** पहाड़ी बुजुर्ग में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें चकबंदी विभाग के अधिकारी, लेखपाल, ग्राम प्रधान, ग्रामीण मौजूद रहे। किसानों को चकबंदी प्रक्रिया एवं उसके लाभों के बारे में बताया गया। जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान किया गया। राधा पत्नी छेदीलाल ने कब्जा न दिए जाने की शिकायत की गई। लेखपाल ने बताया कि जो भाग खाली पड़ा था उस पर कब्जा दिला दिया गया है। शुभम पांडेय ने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत बैनामा नहीं कराया जा रहा है। इस पर लेखपाल को निर्देशित किया गया कि तहसीलदार कर्वी से संपर्क कर नियमानुसार बैनामा कराया जाए। चुनकौना ने मुआवजे की मांग की। लेखपाल ने बताया कि रकबा डबल होने की से भुगतान अवरुद्ध है। इस पर उसे आश्वस्त किया गया कि ग्राम मंर धारा 9 के प्रकाशन के उपरांत न्यायालय चकबंदी अधिकारी पहाड़ी द्वारा पारित आदेश के बाद मुआवजे का भुगतान नियमानुसार कर दिया जाएगा। चकबंदीकर्ता एवं चकबंदी लेखपाल को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्रामसभा भूमि का स्थलीय सत्यापन किया जाए। मौके पर किसी का कब्जा पाया जाता है तो तहसील स्टाफ से संपर्क कर उसको कब्जामुक्त किया जाये।

# स्कूल जाते समय ई-रिक्शा पलटने से चार बच्चे घायल



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल बच्चों की जानकारी लेती पुलिस।

संवाददाता मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** मऊ थाना क्षेत्र के ग्राम हटवा में सोमवार सुबह ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें बैठे चार बच्चे और चालक घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह करीब सात बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया। ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। घायलों में सुरजी का पुरवा निवासी निखिल पाल (4) और मानसी पाल (14), दीप (14) और रुचि (11) हैं। इनको प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। चालक रविशंकर (18) भी घायल हुआ। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी।

# नशे से होती है सामाजिक और आर्थिक हानि : शंकर यादव

कार्यालय संवाददताता चित्रकूट

**अमृत विचार।** विकास पथ सेवा संस्थान के तत्वाधान में मंगलवार को पीएमश्री विद्यालय कछारपुरवा में बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। इनको नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका सुशीला पांडेय ने की। संस्थान अध्यक्ष डा. प्रभाकर सिंह ने कहा कि तंबाकू और नशा सेवन विश्व में रोकी जा सकने वाली मौतों का प्रमुख कारण है। भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोग तंबाकू जनित बीमारियों से असमय मृत्यु का शिकार होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण किशोर अवस्था में ही नशे की लत लग जाती है, जिससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने छात्रों को नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलाया। समाजसेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि नशा व्यक्ति की आर्थिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति को कमजोर करता है और पूरा परिवार प्रभावित होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यासागर सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के लवलेश सिंह, जगपालक यादव, शिक्षिका रंजना चंदेल, दीपा देवी, गीतांजलि, प्रियंका द्विवेदी, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।



बच्चों को जानकारी देते संस्था के लोग। अमृत विचार

### दुष्कर्म का आरोपी किया गया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट की मऊ थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गविजय सिंह और उनकी टीम ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपी रामअशीष को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक 19 फरवरी 2026 को पीड़िता के परिजन ने थाना मऊ में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। साथ ही आरोप है कि गर्भपात कराने और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 89 बीएनएस को हटा दिया गया।

# फेरी लगाकर परिवार पालने वाले युवक की गई जान

कार्यालय संवाददताता चित्रकूट

**अमृत विचार।** चित्रकूट में फेरी लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले 32 वर्षीय युवक राधे साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि अस्पताल में भर्ती किए जाने के बाद होश आने पर युवक ने भागने की कोशिश की और इसी दौरान अस्पताल के गेट से टकराकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई।

राधे साहू मूल रूप से मध्यप्रदेश के निवासी थे। परिजनों के अनुसार 19 फरवरी को वह घर से फेरी लगाने निकले थे। इसके बाद सीतापुर पुलिस चौकी से सूचना मिली कि राधे चित्रकूट में सड़क किनारे घायल और बेहोशी की हालत में पड़े मिले हैं। पुलिस के मुताबिक अस्पताल पहुंचने के कुछ देर बाद राधे को होश आया और उन्होंने वहां से भागने का प्रयास किया। इसी दौरान वह अस्पताल के मुख्य गेट से टकरा गए और सड़क पर गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और उनकी मौत हो गई। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

वहीं मृतक की पत्नी साधना ने पुलिस की कहानी पर संदेह जताया है। उन्होंने जांच की मांग की है।

उठाई मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मंदिर के आसपास की जमीन से अतिक्रमण हटवाने को कहा

# पौराणिक स्थल चकला बाबा को संरक्षित करने की मांग

संवाददाता राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ की सीमा से लगे सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के आसपास की जमीन पर अतिक्रमण से श्रद्धालु दिक्कत में हैं। लोगों ने इसको हटवाने और मंदिर जीर्णोद्धार की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत भभेंट में चकला बाबा नाम से प्रसिद्ध प्राचीन मंदिर है, जो लगभग 2000 वर्ष पुराना बताया जाता है। जहां क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा मन्नत पूर्ण होने पर भंडारों का आयोजन किया जाता है। इस मंदिर के आसपास काफी जमीन पड़ी है जिसपर अतिक्रमण कर कृषि कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यह स्थल ऐतिहासिक और पौराणिक हैं, जिसे संरक्षित करने के लिए एवं यमुना के कटान को रोकने के लिए कई बार प्रार्थना पत्रों के माध्यम से लिखापढ़ी की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ।



जर्जर स्थिति में पहुंच गया प्राचीन मंदिर। अमृत विचार

### झारखंडी माता मंदिर व किला के विकास की मांग

- **चित्रकूट।** जनपद चित्रकूट में स्थित प्राचीन झारखंडी माता मंदिर के विकास और ऐतिहासिक किले के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को प्रतिनिधियों का एक दल कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला पर्यटन प्रोत्साहन परिषद के सदस्य जवाहरलाल सोनी ने किया। बताया कि तरौंहा क्षेत्र में स्थित झारखंडी माता का मंदिर हजारों वर्ष पुराना आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर परिसर और आसपास मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। मंदिर के समीप एक प्राचीन किला है, जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के बाद भी जीर्णशीर्ण अवस्था में है। ज्ञापन में मंदिर और किले के बीच स्थित भजना नामक जलधारा को पुन: खोलने की भी मांग की गई है। प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से स्थल का निरीक्षण कराकर मंदिर, किले और आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

### मराठों द्वारा स्थापित मूर्ति का पता नहीं: शीतला प्रसाद



गांव के हनुमान भक्त शीतला प्रसाद तिवारी ने कहा कि मराठा वीर विनायक राव पेशवा ने यहां पर 500 बीघे जमीन लेकर मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। ब्रिटिश आक्रांताओं के भय से तत्कालीन पुजारी मराठों द्वारा स्थापित की गई मूर्ति को यहां से दूसरे जगह ले गया, जिसका आज तक पता नहीं चल पाया।

### चकरोड को भी जोत लिया गया: मार्कंडेय तिवारी



एडवोकेट मार्कंडेय तिवारी ने बताया कि सिद्धाश्रम के लिए चकबंदी विभाग ने चकरोड बनाया गया था लेकिन कुछ लोगों ने चक को जोत कर अपने खेतों में मिल लिया। इस पवित्र स्थान में जाने के लिए कोई रास्ता न होने से दर्शनार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिकायती प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम देवेश कुमार गुप्ता है जबकि मुझे दीपू कौशल के नाम से भी जाना व पहचाना जाता है। मेरे दोनों नामों, देवेश कुमार गुप्ता व दीपू कौशल को मान्यता प्रदान की जावे। **देवेश कुमार उर्फ दीपू कौशल पुत्र श्री गोविंद गणेश गंज रूरा कानपुर देहात।**

**सूचना**

उपेन्द्र पुत्र रामनरेश ग्राम भुनिया पुर मौजा लिलुइया तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज का निवासी है। मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम बबलू अंकित है जबकि आधार कार्ड संख्या 3821 3806 5260 में मेरा नाम उपेंद्र अंकित हो गया है। उपेंद्र और बबलू दोनों नाम से ही मैं जाना जाता हूं।

**सूचना**

मैने अपना नाम SANAD HUSSAIN FAROOQUI से बदलकर SANAD HUSSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O - MANSOOR UL HASAN R/O-RAJANPUR, KUNDA DIST-PRATAPGARH (U.P)**

**सूचना**

मै दीक्षा इदनानी आयु 46 वर्ष पुत्री हीरा इदनानी निवासी-बी.एन. घई. लेन लालबाग, लखनऊ-226001, मेरे एकसटेल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में नाम कुमारी दीक्षा अंकित है जिसे बदल कर मैने अपना नाम दीक्षा इदनानी अंकित कर लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mohammad Imran से बदलकर Mohd Imran रख लिया है। भविष्य में मुझे Mohd Imran के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Mohd Imran पुत्र Faiyaz Ahmad Khan ग्राम- बीबीपुर पोस्ट-हुनहुना जिला- अयोध्या।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Roshan Jabeen से बदलकर Roshan Jabi रख लिया है। भविष्य में मुझे Roshan Jabi के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Roshan Jabi पत्नी Mohd Imran ग्राम- बीबीपुर पोस्ट-हुनहुना जिला- अयोध्या।**

